तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 16.5 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 26 नवंबर 2025



रेलवे ट्रैक पार करती मवेशियों पर जीआरपी की नहीं पड़ रही नजर।



## खबर संक्षेप

### महिला आयोग की सुनवाई 28 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा 28 नवम्बर को प्रार्थना भवन में प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य पीड़ित महिलाओं के प्रकरणों की सुनवाई करेंगे। सुनवाई सुबह 11 बजे से शुरू होगी। इसमें बिलासपुर जिले से प्राप्त पीड़ित महिलाओं के आवेदनों एवं शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।

### अंबेडकर युवा मंच का आयोजन आज

**बिलासपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को शाम 6 बजे डॉ अंबेडकर युवा मंच का



वैचारिक आयोजन किया गया है। गर्ल्स कालेज के सामने डॉ. अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम में वर्धा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार सुमन एवं राजद की प्रवक्ता कंचना यादव मुख्य वक्ता होंगी।

### कांग्रेस कल करेगी कलेक्टोरेट का घेराव

**बिलासपुर।** पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी की अगुवाई में गुरुवार को कांग्रेसजन कलेक्टोरेट का घेराव करेंगे। यह घेराव बिजली बिल की समस्या, खस्ताहाल सड़क, धान खरीदी में अव्यवस्था, जमीन रजिस्ट्री दरों में बेतहाशा वृद्धि सहित गरीबों के झोपड़ियों में बुलडोजर चलाने के खिलाफ किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि जिले की सड़कों की हालत बेहद खराब है। बिलासपुर जिले की सड़कें भी बदतर है। इसी सड़क पर लोग आवाजाही कर रहे हैं। खस्ताहाल सड़कों के कारण लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। सिर्फ भाजपा के विधायक घोषणा वीर हो हुए है और चेतावनी के बाद भी सड़कें सुधर नहीं रही है। बिजली बिल से लोगों की परेशानी कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। आर्थिक बोझ के कारण निचले तबके के साथ ही सामान्य वर्ग के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।

### बस स्टैंड में बन रही 13 करोड़ की शटल टाइप कार पार्किंग

# तीन साल बाद भी सिर्फ लोहे का ढांचा ही खड़ा हो सका, उपयोगिता पर भी सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी के तहत छत्तीसगढ़ की पहली आटोमेटेड मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग का निर्माण बिलासपुर के पुराना बस स्टैंड परिसर में कराया जा रहा है। करीब 13 करोड़ में बन रहे इस पार्किंग के काम में तीन साल की देरी हो चुकी है और अभी सिर्फ लोहे का ठांचा ही खड़ा हो सका है। काम में लापरवाही और देरी के मामले में कोलकाता की ठेका कंपनी सिम पार्क पर 60 लाख रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है इसके बाद भी काम लगभग बंद सा पड़ा है। मौके पर इक्का दुक्का मजदूर ही दिखाई पड़ते हैं। हालांकि निगम का दावा है कि जल्दी ही काम पूरा कर लिया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि पार्किंग का पूरा सामान कोलकाता से बनकर आएगा और लोहे के स्ट्रक्चर में फिट कर दिया जाएगा। सारा सामान भी कोलकाता का ही है और क्योंकि ठेका कंपनी भी वहीं की है। ध्यान रहे कि इस पार्किंग को शुरू करने के लिए पहले मई 2023 और फिर जून 2024 तक की समय सीमा तय की गई थी।

स्मार्ट सिटी की ओर से कुल 12 करोड़ 60 लाख राशि की लागत से इस आटोमेटिक कार पार्किंग का निर्माण कराया जा रहा है। इसका तीन साल पहले हुआ था और एक साल में काम पूरा करना था। कोलकाता के सिम पार्क नामक कंपनी को इस बड़े काम का ठेका दिया गया लेकिन उसने शुरू से ही लापरवाही बरती। टेंडर के नियम, शर्तों के अनुसार करीब 12 माह में मल्टीलेवल कार पार्किंग बनाकर देना था, किन्तु टेंडर अवधि जनवरी 2024 में समाप्त होने के बाद भी काम फाउंडेशन से ऊपर तक नहीं पहुंच सका था। हालांकि बाद में सख्ती बरती गई तो ठेका कंपनी ने काम में कुछ तेजी दिखाई और लोहे का स्ट्रक्चर पूरा खड़ा कर लिया गया है।

#### 100 रुपए शुल्क देकर गाड़ी खड़ी कौन करेगा

निगम द्वारा अब कहा जा रहा है कि अगले एक हप्ते में स्लैब ढालने की प्रक्रिया की जाएगी। इसके साथ ही पार्किंग के मैकनिकल उपकरण कोलकाता से लाकर सीधे यहां फिट कर दिए जाएंगे। इधर सवाल इस पार्किंग की उपयोगिता को लेकर है। निगम से मिली जानकारी के मुताबिक यहां पार्किंग के लिए 100 रुपए प्रति दिन का लिया जाएगा। व्यापारियों और शहरवासियों का कहना है कि बिलासपुर में इस तरह से इसका उपयोग बहुत कम लोग ही कर पाएंगे। कलेक्टोरेट, सिटी कोतवाली से लेकर लखीराम आडिटोरियम में जहां पार्किंग लगभग निशुल्क है वहां तो इक्का दुक्का लोग ही वाहन खड़ी कर रहे हैं ऐसे में बस स्टैंड में शुल्क देकर गाड़ियों की पार्किंग कौन करेगा।

- अब दावा कि जल्द काम पूरा होगा, टेंडर अवधि जनवरी 2024 में ही खत्म
- लापरवाही पर निगम ने लगाई है ठेका कंपनी पर 60 लाख रुपए की पेनाल्टी



#### आटोमेटिक सिस्टम से कार ऊपरी मंजिल तक

ज्ञात हो कि स्मार्ट सिटी के तहत छत्तीसगढ़ की पहली आटोमेटेड मल्टीलेवल शटल टाइप कार पार्किंग का निर्माण पुराना बस स्टैंड परिसर में कराया जा रहा है, जो पूरी तरह से स्वचालित आटोमेटेड शटल टाइप कार पार्किंग होगी। इमें ग्राउंड फ्लोर पर ले जाकर कार खड़े करते ही आटोमेटिक सिस्टम से कार ऊपरी मंजिल तक पहुंच जाएगी। करीब साढ़े दस हजार स्क्वेयर फीट क्षेत्र में यह पार्किंग बनाई जा रही है जो कि चार मंजिला होगी। पार्किंग के ग्राउंड फ्लोर में कार और बाइक पार्क किया जाएगा। इसमें 80 कारों को पार्क करने की व्यवस्था रहेगी।

#### पाच सालों तक संचालन रखरखाव करेगी कंपनी

टेंडर की शर्तों के अनुसार कंपनी द्वारा पाच सालों तक इसका संचालन और रखरखाव किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक शहर के मध्य एक सर्वसुविधायुक्त मल्टीलेवल कार पार्किंग की जरूरत महसूस की जा रही थी। पुराना बस स्टैंड में कार पार्किंग सुविधा शुरू हो जाने से यह कमी पूरी हो जाएगी। मल्टीलेवल कार पार्किंग के शुरू हो जाने से पूरे एरिया में ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या से निजात मिलेगा।

#### जल्द काम पूरे होंगे

इस पार्किंग के लिए सबसे महत्वपूर्ण काम लोहे का स्ट्रक्चर खड़ा कर लिया गया है। पार्किंग के उपकरण कोलकाता से बनकर आंएगे और लोहे के स्ट्रक्चर में फिट कर दिया जाएंगे। लापरवाही और काम में देरी के मामले में ठेका कंपनी सिम पार्क पर टेंडर राशि की पांच फीसदी राशि लगभग 60 लाख रुपए की पेनाल्टी पहले लगाई जा चुकी है।

- **राजकुमार मिश्रा,** चीफ इंजीनियर, नगर निगम

# साढ़े सात लाख का छह सौ बोरी धान जब्त



आठ संस्थानों में कार्रवाई

राजस्व, फूड व मंडी विभाग की संयुक्त कार्रवाई में शामिल अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

किसानों से कम कीमत में अवैध रूप धान की खरीदी कर सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर अधिक कीमतों में बिक्री करने के उद्देश्य से रखे गए धान को जब्त किया गया है। खाद्य। एवं मंडी विभाग के अधिकारियों द्वारा चलाए गए संयुक्त छापामार अभियान में आठ संस्थानों से 6 सौ बोरी धान जब्त किया गया है। जब्त धान की बाजार कीमत साढ़े सात लाख बताई गई है।

बिचौलियों एवं व्यापारियों द्वारा अवैध तरीके से किसानों से कम कीमत में धान खरीदी कर विभिन्न किसानों के खातों में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के काले धंधे पर प्रशासन लगातार लगाम लगा रहा है। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा चलाए गए सघन छापामार अभियान में टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। आठ संस्थानों से साढ़े 7 लाख रुपए मूल्य के 600 बोरी (239 क्विंटल) धान जब्त किया गया है। सभी प्रकरणों में मंडी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दोषियों पर मामला दर्ज किया गया है। उड़नदस्ता टीम ने मंगलवार को मस्तूरी ब्लॉक के जयराम नगर में किरारी के धर्मेंद्र सूर्यवंशी से 60 बोरी, मस्तूरी के गोविंद अग्रवाल से 55 बोरी, सीपत के इंद्र वर्मा से 60 बोरी तथा सीपत के विकास अग्रवाल के गोडाउन से 63 बोरी अवैध रूप से संग्रहित धान बरामद किया गया। इसी प्रकार तखतपुर के निगारबंद में व्यापारी नवीन अग्रवाल के संस्थान से 50 बोरी (20 क्विंटल) सिलतरा के रामू साहू के संस्थान से 75 बोरी (30 क्विंटल) और सुखदेव साहस 50 बोरी (20 क्विंटल) तथा समडील के सुनील यादव की संस्थान से 187 बोरी (74 क्विंटल) धान जब्त किया गया ।

#### कार्रवाई जारी

राजस्व, खाद्य एवं मंडी के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम के द्वारा आठ संस्थानों से करीब साढ़े सात लाख का अवैध तरीके से खरीदा गया धान जब्त किया गया है। किसानों से कम कीमत में धान खरीदकर बिचौलियों द्वारा समर्थन मूल्य पर बेचने के काले कारोबार को बढ़ावा नहीं मिलेगा। सघन छापामार की कार्रवाई सतत चलती रहेगी।

- **संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

## शराब पीकर गाड़ी चलाते 46 वाहन सवार पकड़े गए





**बिलासपुर।** तीन में विशेष वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए 46 वाहन सवारों को पकड़कर वाहन जब्त कर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर 22, 23, 24 नवंबर को सड़क सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से जिले में विशेष



वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पूर्व से चिन्हित स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर बिना हेलमेट के चलने वाले बाइक चालक व शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है। चेकिंग के दौरान 174 बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई है। वहीं शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 46 वाहन चालकों को पकड़कर वाहन जब्त कर धारा 185 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# सीयू में फायनेंस भी प्रभारी के भरोसे

### आज तक नहीं हुई स्थाई फाइनेंस अफसर की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी को आखिरकार पूर्णकालिक रजिस्ट्रार तो मिल गया, किन्तु फायनेंस अफसर की नियुक्ति अभी तक नहीं हो पाई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में करीब 15 सालों से फायनेंस अफसर का पद प्रभारी के भरोसे के चल रहा है और फायनेंस अफसर जैसे महत्वपूर्ण पद पर प्रोफेसरों को बिठाकर काम चलाया जा रहा है। स्टेट यूनिवर्सिटी के समय यहां पर राज्य शासन के वित्त विभाग से किसी वित्त अधिकारी को यूनिवर्सिटी के फायनेंस अफसर नियुक्त कर भेजा जाता था। लेकिन सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद राज्य शासन से नियुक्ति बंद हो गई।

किसी भी सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विजिटर राष्ट्रपति होते हैं इसलिए सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रथम रजिस्ट्रार व फायनेंस अफसर की नियुक्ति राष्ट्रपति भवन से होती है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में भी प्रथम फायनेंस अफसर की नियुक्ति राष्ट्रपति भवन से होगी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एक साल पहले फायनेंस अफसर पद के लिए इंटरव्यू आयोजित किया गया और इंटरव्यू पश्चात तीन उम्मीदवारों के नामों का पेनल गोपनीय तरीके से नई दिल्ली शिक्षा मंत्रालय भेजा गया था। शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रपति भवन भेजा जाता है वहां से मंजूरी के बाद नियुक्ति आदेश जारी होता है। लेकिन फायनेंस अफसर पद के लिए नामों का पेनल अभी तक अटका हुआ है।



- रजिस्ट्रार की नियुक्ति हो गई पर फायनेंस अफसर का पेनल अब तक अटका
- विजिटर राष्ट्रपति भवन से होगी पहले फायनेंस अफसर की नियुक्ति

#### यूनिवर्सिटी में बदल चुके इतने कुलपति

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी वर्ष 2009 में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के रूप में अपग्रेड हुआ और सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रथम कुलपति के रूप में डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी की नियुक्ति हुई तथा उनके बाद कुलपति के रूप में डॉ. अंजिला गुप्ता की नियुक्ति हुई और पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद एक साल का एक्सटेंशन भी मिला था। बीच में कुछ समय तक प्रो. एमएसके खोखर और प्रो. एसपी सिंह भी सेंट्रल यूनिवर्सिटी में कार्यवाहक कुलपति रहे। वर्तमान में प्रो. आलोक चक्रवाल कुलपति के पद पर पदस्थ है।

#### शिक्षक संभालते आ रहे फायनेंस अफसर की कुर्सी

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पिछले लगभग 15 सालों से पूर्णकालिक फायनेंस अफसर नहीं है और फायनेंस अफसर की कुर्सी पर प्रभारी काम करते आ रहे हैं। फायनेंस अफसर जैसे महत्वपूर्ण पद पर ज्यादतर यूनिवर्सिटी के किसी न किसी सीनियर प्रोफेसर को बिठाकर काम चलाया जाता रहा है। फायनेंस अफसर के प्रभार पर अब तक डिप्टी रजिस्ट्रार आरके सोनी के अलावा फारेस्ट्री डिपार्टमेंट के प्रो. एसएस सिंह, इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के प्रो. शरद श्रीवास्तव प्रभारी के रूप में काफी समय तक काम किए। वर्तमान में कामर्स डिपार्टमेंट के प्रो. बुद्धेश्वर प्रसाद सिंगरौल फायनेंस अफसर की कुर्सी संभाल रहे हैं।

#### फायनेंस अफसर की दौड़ में ये नाम

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में फायनेंस अफसर कुर्सी की दौड़ में जिन नामों को लेकर चर्चा है उनमें दो उम्मीदवार सेंट्रल यूनिवर्सिटी के और एक बाहर दूसरे यूनिवर्सिटी के बताए जा रहे हैं। वैसे तो दिल्ली जिन तीन नामों का पेनल भेजा गया है वह काफी गोपनीय रखा गया है फिर यूनिवर्सिटी के फारेस्ट्री डिपार्टमेंट के प्रो. एके चन्द्रा व ज्वाइंट रजिस्ट्रार एचएन चौबे का नाम चर्चा है। इसके अलावा एक बाहरी उम्मीदवार का नाम भी पेनल में शामिल हैं। इनमें से ज्वाइंट रजिस्ट्रार एचएन चौबे कुछ माह पहले ही रिटायर भी हो गए हैं।

#### नियुक्ति की प्रक्रिया जारी

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रथम रजिस्ट्रार की तरह ही प्रथम फायनेंस अफसर की नियुक्ति तीन साल के लिए राष्ट्रपति भवन से होता है। फायनेंस अफसर पद के लिए यहां से इंटरव्यू पश्चात नामों का पेनल नई दिल्ली शिक्षा मंत्रालय भेजा गया था, किन्तु अभी फायनेंस अफसर पद पर नियुक्ति होना बाकी है।

- **प्रो. मनीष श्रीवास्तव,** मीडिया प्रभारी, सीयू

#### कई बार निकाला गया विज्ञापन

सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा फायनेंस अफसर पद के लिए कई बार विज्ञापन निकाला गया था। सेंट्रल यूनिवर्सिटी बनने के बाद सबसे पहले प्रथम कुलपति डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी के समय में विज्ञापन निकाला गया था, उसके बाद पूर्व कुलपति प्रो. अंजिला गुप्ता के कार्यकाल में भी इन दोनों पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया था। इसी तरह कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल के कार्यकाल में भी यूनिवर्सिटी में फायनेंस अफसर पद के लिए तीन वर्षो के लिए सावधिक आधार पर विज्ञापन निकाला गया था।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण-** 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण-** 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


मुंगेली के माटी पुत्र, प्रदेश के यशस्वी उप मुख्यमंत्री एवं हमारे प्रिय मित्र
मान. श्री अरूण साव जी
को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...
मान. श्री अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
आशीष मिश्रा
संजय वर्मा
सुनील पाठक
मोहन मल्लाह
सोम वैष्णव
हम है आपके शुभचिंतक
संकलन - जयकुमार ताम्रकार, जिला प्रतिनिधि हरिभूमि, जिला कार्यालय मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 26 नवंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



धर्म-क्षेत्र

## गुरुतेग बहादुर साहिब के 350वें शहादत वर्ष पर बलिदान को याद किया गया



**बिलासपुर।** नौवे गुरु श्री गुरुतेग बहादुर साहिब के 350वे शहादत वर्ष को समर्पित शहीदी सप्ताह मनाया गया,गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद में विशेष दीवान सजाया गया जिसमे श्री अमृतसर साहिब दरबार साहिब से पधारे हुजुरी रागी जत्था सुखवंत सिंह, गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा दयालबंद के हजूरी रागी जत्था मनिंदर सिंह, गुरुद्वारा गुरूसिंघ सभा दयालबंद के हेड ग्रंथी एवम कथा वाचक मानसिंह बडला द्वारा कथा और कीर्तन द्वारा हाजिरी भर कर समुह साध संगत को निहाल किया। कार्यक्रम उपरंत समुह साध संगत गुरु का अटूट लंगर वरताया गया। कार्यक्रम मे गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के साथ पंजाबी की सभी संस्था विशेष रुप से लगी हुई थी।

शुभारंभ

## झूलेलाल मंदिर में चालीहा महोत्सव अखंड ज्योत प्रज्जवलित

**बिलासपुर।** श्री झूलेलाल मंदिर चकरभाटा में चालीहा महोत्सव का शुभारंभ पं. पूरन शर्मा के सानिध्य में अखंड ज्योत प्रज्जवलित व ध्वज वंदना कर किया गया। इसके बाद बाबा गुरमुख दास की कुटिया में मत्था टेका गया। झूलेलाल अमर कथा का पाठ आरंभ कर महाआरती की गई।



प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर के संत साईं लाल दास ने बताया कि चालीहा महोत्सव भगवान की भक्ति, आराधना व सिमरन का समय है। मौन धारण करने से मन को शांति मिलती है और आत्मा का सीधा कनेक्शन भगवान से जुड़ जाता है। साल भर में यदि हम प्रतिदिन 2 घंटा 30 मिनट का हिसाब लगाए तो 40 दिन होता है। 365 दिन का दसंवत, मौन धारण करने से मन भटकता नहीं है बल्कि एकाग्र व स्थिर रहता है। जिस उद्देश्य के लिए चालीहा में मौन रख रहे हैं उसे पूरा करने में आसानी होती है। उन्होंने बताया कि वे यह तपस्या भक्तों और सर्व समाज के उद्धार के लिए करते हैं ताकि घरों में घाघर रखने वाले एवं चालीहा महोत्सव का उपवास करने वाले सभी साध संगतों की मनोकामना पूरी हो सके।

आयोजन

## पुरुषार्थ, मेहनत करने वालों का भाग्य होगा उज्जवल

**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग आयोजित किया गया। इसमें आचार्य जयदेव शास्त्री ने भाग्य और पुरुषार्थ को समझाते हुए बताया कि जो पुरुषार्थ व मेहनत करेगा उसका भाग्य उज्जवल होगा। यज्ञ



कार्यक्रम में अपने विवाह वर्षगांठ पर यजमान अरविंद चारु गर्ग ने आहुतियां दी। आर्य समाज के अध्यक्ष रूपलाल चावला ने भजन-सुख-दुख, कर्मों का फल है.. प्रस्तुत किया। आचार्य जयदेव शास्त्री ने बताया कि भाग्य से पुरुषार्थ बड़ा है, पर आज लोग भाग्य को बड़ा मानकर भाग्य के भरोसे हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं। वेदों में कहा गया है कि 100 वर्षों तक कर्म करते हुए जीना चाहिए। भाग्य से बड़ा पुरुषार्थ होता है। पुरुषार्थ करने से ही भाग्य बनता है जो व्यक्ति पुरुषार्थ नहीं करेगा उसका भाग्य नहीं जागेगा।

कार्यक्रम

## देसी दिवाज़ ग्रुप ने महिलाओं बच्चों को कराया जंगल भ्रमण



**बिलासपुर।** देसी दिवाज़ ग्रुप की व्यवस्थापिका सुनयना नायर और श्वेता पटेल के नेतृत्व में ग्रुप की सभी महिलाओं और बच्चों ने शिवतराई में जंगल भ्रमण के साथ पिकनिक का लुत्फ उठाया। उन्होंने भोजन के साथ विभिन्न प्रकार के खेलकूद का आनंद लिया। बच्चों को जंगल के महत्व और स्वच्छता के बारे में बताया गया। साथ ही कूड़ा यहां-वहां न फेंककर कूड़ेदान में डालकर जंगल को स्वच्छ रखने की शिक्षा दी गई। बच्चों के लिए भी विभिन्न प्रकार के गेम्स रखकर सभी को उपहार देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। महिलाओं ने खेल का आनंद लेते हुए बचपन की यादें ताजा की। प्रतिस्पर्धा की विजेता शीतला चंद्राकार, अभिलाषा कटकवार, सुलोचना ठाकुर, अल्का शिवहरे, सस्मिता,लक्षिता गौड़ा रहीं। अंत में ग्रुप की सदस्यो ने सुव्यवस्थित तरीके से कार्यक्रम करवाने आभार व्यक्त किया।

# वेडिंग के लिए लहंगे, इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स बने पसंदीदा

इन दिनों वेडिंग सीजन चल रहा है। इससे सराफा, कपड़ा बाजार सहित अन्य सभी दुकानों में भीड़ देखी जा सकती है। दूल्हा-दूल्हन के साथ ही परिवार वाले भी चलन के सूट, ज्वेलरी, श्रृंगार सामग्री की खरीददारी कर रहे हैं। वेडिंग में लहंगे, इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। पारंपरिक साड़ी भी चलन में है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शादी का मौसम आते ही हर कोई कुछ नया और स्टाइलिश पहनना चाहता है। इस बार 2025 के वेडिंग फैशन ट्रेंड्स में लहंगे, मॉडर्न और कम्फर्टेबल इंडो-वेस्टर्न आउटफिट्स पसंद किए जा रहे हैं। अब सिर्फ दुल्हन ही नहीं बल्कि उसकी सहेलियां और रिश्तेदार भी ट्रेंडी लुक्स में नजर आने के प्रयास में रहते हैं।



फ्लोई ड्रेसेज, ड्रेप साड़ियां और केप स्टाइल सेट्स जैसे आउटफिट्स इस बार सबका दिल जीत रहा है। श्रीराम क्लाथ मार्केट स्थित साड़ी संसार में वेडिंग सीजन की विविध तरह की साड़ियों, लहंगों की विशाल रेंज है। लोग यहां पहुंचकर खरीददारी भी कर रहे हैं।

### पारंपरिक साड़ी भी चलन में, सराफा, कपड़ा बाजार में बढ़ी हलचल



### डिजाइनर मंगलसूत्र, झुमके चलन में

शादी समारोह में मिंट ग्रीन और मेटालिक टोन की ज्वेलरी इन दिनों काफी चलन में है। जिसे लहंगे जैसे पारंपरिक कपड़ों, इंडो-वेस्टर्न ड्रेसेज के साथ पहने जा सकते हैं। वहीं स्टेटमेंट चोकर, चेहरे को आकार देने वाले झुमके और डिजाइनर मंगलसूत्र लोकप्रिय है। रत्नों वाले आभूषण, गले में पहने जाने वाले स्टेटमेंट चोकर तो युवतियों की पहली पसंद है। विक्रेताओं ने बताया कि ये सभी ज्वेलरी सोने के साथ ही बेनटेक्स में भी मिल जाता है। वहीं चांद बाली इयररिंग्स अनारकली सूट, साड़ी सभी में ट्रेडिशनल लुक देता है। ये इयररिंग्स सिंपल से सिंपल कपड़ों को फेस्टिव वियर बना देते हैं।

### कई तरह की चूड़ियां, कंगन उपलब्ध

शादी में कपड़ों के साथ ही चूड़ी, कंगन का भी काफी महत्व होता है। दुल्हन के लिए पारंपरिक गहने होते हैं। जिसे सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। ये गहने मेटल, ग्लास, लाख और रेशम के धागों से बने होते हैं, जो चमकदार व विभिन्न कलरों में उपलब्ध होते हैं। कंगन में गोल्डन कंगन, मेटल और स्टोन-जड़ित कंगन भी आ रहा है। लाल और मेहरून रंग शादी में शुभ माना जाता है। इसे दुल्हन के लिए सबसे अच्छा विकल्प माना जाता है। यह मोती, नग, लटकन और जरी युक्त रहता है।

# पर्यावरण के सुरक्षित विकल्पों पर निरंतर अनुसंधान की आवश्यकता



डीएलएस का इंटरनेशनल सेमिनार एक माइल स्टोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डीएलएस महाविद्यालय में आयोजित 2 दिवसीय इंटरनेशनल सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें चेयरमैन माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के प्रो एम एम देशमुख ने स्पीकर की आसन्दी से व्यक्त किए।

यह संगोष्ठी माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया व माइक्रोबायोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सूक्ष्मजीव प्रगति और पारिस्थितिक तंत्र के घटकों पर रासायनिक प्रदूषकों का प्रभाव विषय पर सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि प्रो ए के पाण्डेय, अध्यक्षता प्रो आर वी शुक्ला कुलपति ने की। संस्थान की चेयरमैन निशा बसंत शर्मा एवं प्राचार्य डॉ प्रताप पाण्डेय उपस्थित रहे। वक्ता ने कहा कि रासायनिक प्रदूषकों से बड़े प्रभाव पड़ रहे हैं। जिनसे मानव जीवन व पर्यावरण प्रभावित व क्षतिग्रस्त हो रहा है। इसके लिए पर्यावरण-सुरक्षित विकल्पों की आवश्यकता पर निरन्तर अनुसंधान की आवश्यकता है। प्रतिभागियों व विशेष वक्ताओं में प्रो जयमपथी डिसनाई के डॉ अमृता रंजन और डॉ अपूर्व सरकार शामिल थे। सेमिनार में विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। 207 पंजीकृत सहभागियों में 81 शोधार्थियों ने शोध-पत्र प्रस्तुत किए।

इस संगोष्ठी की संयोजक डॉ अर्चना पाण्डेय, सह संयोजक डॉ नेहा बेहार व डॉ सुमित दुबे रहे। मंच संचालन डॉ संजय दुबे, सरस्वती वंदना का गायन हिमानी तिवारी ने किया। तकनीकी सत्रों का संचालन डॉ सुमित दुबे, राजेश सिंह डॉ मुक्ता कुमारी, शेख आफरीदी, रिचा विकलीफ, अंकित गंधर्व, अजय चन्द्र ने किया। कार्यक्रम में संरक्षक संजय शर्मा, सतीश शर्मा, पार्थ शर्मा, विनायक शर्मा, सचिव उमेश जाधव, सी ई ओ राकेश दीक्षित, डॉ प्रदीप शुक्ला, वीणा राठौर रासेयो स्वयंसेवक व स्टाफ उपस्थित रहे।

### शोध विषय पुस्तकों से नहीं आसपास से करना चाहिए

तकनीकी सत्र के मुख्य वक्ता प्रो ए के पाण्डेय ने कहा कि शोध विषय पुस्तकों से नहीं, बल्कि आसपास की समस्याओं से चुने जाने चाहिए। उन्होंने प्रकृति और मानव प्रणाली में संतुलन को विकास का आधार बताया। डॉ ए के श्रीवास्तव ने साइनोबैक्टीरिया के पर्यावरण महत्व को बताया। संगोष्ठी में परीक्षा नियंत्रक डॉ तरुण धर दीवान, डॉ एच एस होता की उपस्थिति रही। डॉ डी एसवीजी के कलाधर ने सूक्ष्मजीवों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण तकनीक पर चर्चा की। डॉ संतोष ठाकुर ने तकनीक के माध्यम से कायरल एपॉक्साइड की संरचना पर अपने अध्ययन प्रस्तुत किए। प्रो राकेश पाण्डेय ने इलेक्ट्रॉनिक कचरा को प्रदूषण का प्रमुख स्रोत बताया।

# नए दृष्टिकोण वाला शिविर 2 दिसंबर से

**बिलासपुर।** बिलासपुर में पहली बार नए दृष्टिकोण वाला शिविर का आयोजन 2 से 7 दिसंबर तक पुलिस ग्राउंड मसानगंज बिलासपुर में किया जा रहा है। यह प्रवचन नहीं प्रयोग है। पूज्य आलय के सानिध्य में यह शिविर प्रतिदिन सुबह साढ़े 6 से साढ़े 8 बजे तक चलेगा।



■ बिलासपुर में हो रहा पहली बार, प्रतिदिन सुबह से चलेगा

आयोजकों ने बताया कि देश-विदेश में अब तक 350 से भी अधिक शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें भाग लेकर अब तक लाखों लोगों ने अपनी गंभीर शारीरिक, मानसिक बीमारी डायबीटीज, हाई बीपी, थायराइड, माइग्रेन, अस्थमा, आर्थराइटिस, तनाव डिप्रेशन, बेचैनी को ठीक किया है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में कुल सत्र 10 होंगे। इसमें ऑक्सीजन के लेवल को बढ़ाने की तकनीकें जैसे नाभी डाट का प्रयोग, सम्यक आहार, गायक व्यायाम और सम्यक नींद द्वारा इम्यून सिस्टम के प्रयोग, नेगेटिविटी को जड़ से समाप्त करने के सूत्र एवं सुपर कॉन्शियस माइंड को जागृत करने के सरलतम प्रयोग बताए जाएंगे।

इस आयोजन के मार्गदर्शक मंडल में अमर अग्रवाल विधायक विलासपुर, अशोक अग्रवाल सीसीएन, रामअवतार अग्रवाल एएस फन, तोखन साहू केंद्रीय राज्य मंत्री, धरमलाल कौशिक विधायक बिल्हा, सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा, पूजा विधानी महापौर शामिल है। विशेष अतिथि अरुण साव उपमुख्यमंत्री, धर्मजीत सिंह ठाकुर विधायक तखतपुर, अटल श्रीवास्तव विधायक कोटा, विशेष सहयोगी सुनील जैन कमिश्नर बिलासपुर, संजय अग्रवाल कलेक्टर, संजय शुक्ला, रजनीश सिंह होंगे।

# देहभाव को त्याग कर आत्म भाव जागृत करें





**बिलासपुर।** गायत्री प्रज्ञापीठ सकरी के रजत जयंती वर्ष एवं वंदनीया माता की जन्म शताब्दी वर्ष की तैयारी के उपलक्ष्य में 5 दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा एवं नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ सकरी में चल रहा है। इसमें प्रतिदिन 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विविध संस्कार व प्रज्ञा पुराण कथा का वाचन किया जा रहा है। कथावाचक ने कहा कि देहभाव को त्याग कर आत्म भाव जागृत करें।

■ सकरी में चल रहा 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

गायत्री शक्तिपीठ वाराणसी के आध्यात्मिक संदेश वाहक, प्रज्ञा पुराण के कथावाचक अनिलेश तिवारी भोलेश्री एवं संगीत टोली आचार्य रविकांत तिवारी, शिवकुमार, धनंजय द्वारा युग ऋषि पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित 19वें पावन प्रज्ञा पुराण का संगीतमय प्रस्तुति दी जा रही है। प्रथम दिवस के युग संदेश में भोलेश्री ने बताया कि मानव जीवन की महत्ता व गरिमा को समझते हुए अपने को सौभाग्यशाली मानें एवं ईश्वर के राजकुमार के रूप में वहीं कार्य किए जाएं जिससे मानव जीवन धन्य हो सके। द्वितीय दिवस विशेष प्रसंगों के साथ समझाया गया कि आत्मज्ञान को प्राप्त करने के लिए सद्बुद्धि की देवी, आदिशक्ति मां गायत्री के शरण में जाकर पुरुषार्थ त्रयी उपासना, साधना व आराधना को अपनाना होगा। तृतीय दिवस बताया गया कि जीव अपने बारे में अपनी मान्यता व धारणा को समझकर मूल स्वरूप को पहचानने की कोशिश करें। अपने विषय में जैसी धारणा होती है, वैसे ही वह आचरण व्यवहार करने लगता है, इसलिए परम सुख, शांति, ज्ञान का मूल भाव यही है कि देह भाव को त्याग कर आत्मभाव जागृत करें। आत्म भाव जागृत करने की साधना के लिए पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के मैं क्या हूं? पुस्तक का अध्ययन अवश्य करें।

स्पोर्ट्स न्यूज

# इंटर स्कूल खेल महोत्सव में बच्चों ने दिखाया जौहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन बोदरी में 17 वा संस्करण एलसीआईटी अभूदय इंटर स्कूल खेल महोत्सव का आयोजन हुआ, स्कूली बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को खोजने का कार्य एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन द्वारा 17 वर्षो से लगातार खेल के माध्यम से किया जा रहा है। ताकि खिलाड़ी इंटर स्कूल खेल प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके कोच ओमकार जायसवाल ने बताया की एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में तीन दिवसीय एलसीआईटी अभूदय इंटर स्कूल खेल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इंटर स्कूल प्रतियोगिता में कोरबा, जांजगीर चापा, सक्ति, रायगढ़ व मुंगेली जिला के शासकीय व अशासकीय स्कूल की टीम भाग ले रही है। कबड्डी बालक व बालिका 32 स्कूल टीम व क्रिकेट में 32 स्कूल, बास्केटबॉल में 12 स्कूल व फुटबॉल में 16 स्कूल के टीम ने शामिल थे। सभी खेल के विजेता खिलाड़ियों को 5 हजार रूपए व ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 3 हजार रु ट्रॉफी व प्रमाण पत्र दिया गया। इस मौके पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन सेक्रेटरी उपकार राय एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस प्रिंसिपल सहित अन्य मौजूद रहे।

### ये स्कूल रही विजेता

प्रतियोगिता में फुटबॉल का फाइनल मुकाबला सेजस स्कूल मंगला विरुद्ध केंद्रीय विद्यालय बिलासपुर के मध्य खेला गया जिसमे मंगला ने ट्राई ब्रेकर मे 5-3 गोल के मुकाबले दो गोल से हराकर विजेता बना, कबड्डी बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला गुरुकुल स्कूल चिंगराजपारा विरुद्ध छत्तीसगढ़ स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमे गुरुकुल ने 34-25 के मुकाबले 9 अंको से हराकर विजेता बना बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला गुरुकुल स्कूल चिंगराजापारा विरुद्ध शासकीय हाई स्कूल सोठी के मध्य खेला गया जिसमें गुरुकुल ने 25-15 के मुकाबले 10 अंको से जीतकर विजेता बना। क्रिकेट का फाइनल मुकाबला एलसीआईटी पब्लिक स्कूल विरुद्ध छत्तीसगढ़ स्कूल के मध्य खेला गया जिसमे एलसीआईटी पब्लिक स्कूल ने 9 विकेट से हराकर विजेता बना उसी प्रकार बास्केटबॉल का फाइनल मुकाबला सेजस लाला लाजपत राय स्कूल विरुद्ध आधारशीला स्कूल कोनी के मध्य खेला गया जिसमे लाला लाजपत राय स्कूल ने 23-13 के मुकाबले 10 अंको से हराकर विजेता बना।

## कबड्डी चैंपियनशिप के लिए टीम रवाना

35 वी ओपन सब जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेने छत्तीसगढ़ बालक व बालिका की टीम रवाना हुई, कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया की सब



जूनियर बालक व बालिका कबड्डी चैंपियनशिप 27 से 30 नवंबर तक हरियाणा मे आयोजित है। इन चयनित खिलाड़ियों के लिए बालक टीम का 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कबड्डी प्रशिक्षण केंद्र चिंगराजपारा में व बालिका टीम का प्रशिक्षण शिविर खेलो इंडिया कबड्डी ट्रेनिंग सेंटर फिजिकल कालेज मैदान पेंड्रा मे आयोजित किया गया था। बालक टीम का प्रशिक्षण शिविर वरिष्ठ कबड्डी कोच हेमंत यादव द्वारा दिया गया जबकि बालिका टीम का प्रशिक्षण खेलो इंडिया ट्रेनिंग सेंटर पेंड्रा मे कबड्डी कोच कौशल कश्यप द्वारा किया गया है।

## कराते में खिलाड़ियों ने जीते 4 स्वर्ण



आल इंडिया ओपन कराते चैंपियनशिप में 12 राज्यों के सैकड़ो खिलाड़ी शामिल हुए, जिसमे बिलासपुर के खिलाड़ियों ने भी 4 स्वर्ण एवं 6 रजत , 8 कांस्य पदक जीताकर परचम लहराया। आयोजन समिति के अध्यक्ष खेत्रो महानंद ने कहा कि ऐसे आयोजनो से हमारे छत्तीसगढ़ के खिलाडियों को मंच मिलता और अपने प्रतिभाओ को निखारने का अवसर प्राप्त होता हैं। हमारी संस्था समय कार्यक्रम में कुलसचिव सुधीर रंजन, क्रीड़ा अधिकारी संजय यादव शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### सीजी पीएससी में राजेन्द्र का चयन आबकारी उप निरीक्षक के पद पर



बिलासपुर। शाउमावि मदकू में पदस्थ सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) राजेन्द्र कुमार सिंह ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। राजेन्द्र का चयन आबकारी उप निरीक्षक के पद पर हुआ है। राजेन्द्र की यह सफलता उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणा है जो असफलता से निराश हो जाते हैं। यह उनका पांचवां प्रयास था। इससे पहले वे साक्षात्कार तक पहुंचने के बाद भी चयनित नहीं हो सका था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और सफलता हासिल कर अपने सपने को साकार किया। मूलतः केशवनगर (सूरजपुर) के किसान परिवार में पले-बढ़े हैं। वर्तमान में वह मुंगेली जिले के शासकीय स्कूल में वर्ष 2021 से अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### डा. शत्रुघन जेसवानी कादंबरी सम्मान से सम्मानित



बिलासपुर। कादंबरी का अखिल भारतीय साहित्यकार सम्मान समारोह - 2025 का आयोजन जबलपुर के सेठ गोविंददास प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। इसमें देश के सभी राज्यों से 127 सृजनधर्मियों की प्रकाशित कृतियों पर अलंकृत किया गया। इसमें प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी बिलासपुर के डॉ शत्रुघन जेसवानी को स्व. रवि उपाध्याय सम्मान ग़ज़ल लेखन के लिए, अंजनी कुमार तिवारी को स्व लक्ष्मी शर्मा सम्मान विविधा लेखन के लिए, रश्मि रामेश्वर गुप्ता को स्व हर्षवर्धन पाठक सम्मान समग्र लेखन के लिए और धनेश्वरी सोनी गुल को सम्मानित किया गया। जो बिलासपुर के लिए गौरव का विषय है।
यह आयोजन पूर्व कुलपति डॉ कृष्ण बिहारी पांडे के मुख्य आतिथ्य, कादंबरी संस्था के अध्यक्ष भगवत दुबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन राजेश पाठक प्रवीण ने किया। सरस्वती वंदना के बाद जबलपुर के कला केंद्र की कलाकारों द्वारा नृत्य प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर 13 साहित्यकारों की पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।

### जीडीसी में बस्तर के विविध आयाम इतिहास के आईने में पर कार्यशाला



बिलासपुर। शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा बस्तर के विविध आयाम : इतिहास के आईने में (अतीत से वर्तमान तक) विषय पर 24-25 नवम्बर को दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। प्रथम दिवस के मुख्य अतिथि एवं वक्ता सेवानिवृत्त प्रो.आभा रूपेंद्र पाल ने बस्तर में पर्यटनः समस्याएँ एवं सम्भावनाएं पर व्याख्यान दिया। बस्तर के प्रमुख पर्यटन स्थल,विभिन्न कलाएं, ईको टूरिज़म,स्थानीय रोजगार आदि के अंतर्संबंधों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि दुर्ग के सेवानिवृत प्रो के .के.अग्रवाल ने आदिम अवस्था में बस्तर के आदिवासी समूहों द्वारा लौह अयस्क के प्रयोग, महापाषाणिक संस्कृति,बस्तर के पुरातत्व एवं उत्खनन आदि विषयों को प्रस्तुत किया। संस्था के प्राचार्य प्रो. एस.आर.कमलेश ने इस कार्यशाला के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। द्वितीय दिवस डॉ.डी .एन.खुटे रायपुर द्वारा बस्तर के आदिवासियों के विभिन्न विद्रोहों विशेषकर दक्षिण बस्तर के 1856-1860 के विद्रोह पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। आदिवासियो द्वारा विद्रोह की परिस्थितियां और ब्रिटिश साम्राज्यवाद पर उसके दीर्घकालिक परिणामों पर चर्चा की। डॉ.पुरोहित सोरी कोंडागाँव ने बस्तर की जनजातीय संस्कृति के विविध आयामो कला संस्कृति की चुनौतियों एवं संभावनाओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ पूजा शर्मा एवं आभर प्रदर्शन डॉ रजनी सिंह ने किया। कार्यशाला में डॉ.कावेरी दभड़कर,डॉ .रमेश पांडेय,डॉ. डी.पी. देवांगन, डॉ. ए.एन. सिंह , डॉ. एच.आर. आगर, डॉ. निवृति जेम्स आदि मौजूद थीं।

### जेडी और सीएमएचओ से मिले कर्मचारी



बिलासपुर। स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से अटैचमेंट का खेल शुरू है। कुछ माह पहले शासन ने सभी कलेक्टर को जल्द से जल्द अटैचमेंट खत्म करने का आदेश दिया है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग में इसके उलट गंगा बह रही है। अटैचमेंट के खिलाफ अब कर्मचारी संघ ने मोर्चा खोल दिया है। संघ की मांग है कि या तो सभी कर्मचारियों को अपनी सुविधा अनुसार पदस्थापना दी जाए, वरना अधिकारी सभी का अटैचमेंट खत्म करें। सोमवार को कर्मचारियों ने जेडी और सीएमएचओ कार्यालय पहुंच विरोध में गुलदस्ता भेंट किया है। राष्ट्रीय व राज्य के स्वास्थ्य कार्यक्रमों को आम लोगों तक पहुंचाने में जिला लगातार पिछड़ रहा है लेकिन इसके स्वास्थ्य अधिकारी अपने चहेतों को शहर में पदस्थापित कर नौकरी करा रहे हैं। जेडी, सीएमएचओ, बीएमओ कार्यालय द्वारा कर्मचारियों का अटैचमेंट किया गया है। शासन ने कुछ माह पहले ही जिलों से अटैचमेंट खत्म कर कर्मचारियों को मूल पदस्थापना में भेजने के निर्देश दिए हैं, वहीं शासन की नीतियों के अनुसार किसी भी कर्मचारी कीअनिवार्यता में महज 7 दिवस का अटैचमेंट मान्य किया गया है, लेकिन जिले व संभाग में अटैचमेंट कर्मचारियों का आकंड़ा सैकड़ों में पहुंच चुका है। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बिलासपुर द्वारा महज पांच महीने में ही 200कर्मचारियों को अटैचमेंट पर भेज दिया है। वहीं नियमों को तांक पर रख एक जिले से दूसरे जिले भेज दिया गया है। इसमें विभिन्न पदों पर पदोन्नति के लिए योग्यता, वरिष्ठता, पात्रता के नियमों को भी शिथिल करते हुए पदोन्नति का लाभ देकर भी इतिहास रचा गया है। जेडी स्वास्थ्य विभाग के वसुंधरा सिसोदिया ने बताय कि कर्मचारियों ने कोई आपत्ति दर्ज कराई है, इसकी जानकारी मुझे नहीं है। कार्यालय से पता करना होगा।

### एसईसीएल ने मनाया 25 वां स्थापना दिवस, बताई उपलब्धि, विजेताओं का किया सम्मान

# एसईसीएल एक बार फिर होगी देश की नंबर 1 कोयला कंपनीः सीएमडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल मुख्यालय में 25 नवंबर को अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के मुख्य आतिथ्य में एसईसीएल का 41 वां स्थापना दिवस मनाया गया। विशिष्ट अतिथियों में स्वतंत्र निदेशक श्याम अग्रवाल, स्वतंत्र निदेशक गजानंद देवराव असोले, निदेशक (तकनीकी–संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (एचआर) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन तथा निदेशक (तकनीकी–योजना/परियोजना) रमेश चंद्र महापात्र शामिल थे।

इस अवसर पर सीएमडी श्री दुहन ने कहा कि 1985 में स्थापना के बाद से एसईसीएल देश की ऊर्जा सुरक्षा का मजबूत आधार रहा है और आगे भी यह भूमिका और सशक्त होगी। एसईसीएल की विरासत रिकॉर्ड-ब्रेकिंग उपलब्धियों से भरी है। और हमारा लक्ष्य एसईसीएल को एक बार फिर देश की नंबर 1 कोयला कंपनी बनाना है। मैं विश्वास के साथ कहता हूँ कि एसईसीएल टीम हर चुनौती को पार करने में सक्षम है। हमारे लिए सुरक्षित खनन, सतत विकास और कोयलांचल परिवार का कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसईसीएल न केवल ऊर्जा उत्पादन का केंद्र है, बल्कि हरित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में एक अग्रणी संस्था है। एसईसीएल मुख्यालय स्थित आडिटोरियम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने ध्वज फहराया। विभिन्न केटेगरी में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। स्वागत उद्बोधन महाप्रबंधक (वित्त) सीडीएन सिंह ने दिया। एसईसीएल पर लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। एसईसीएल के नए वेबसाइट का अनावरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरूण शर्मा एवं सी अनुराधा ने निभाया।

इस अवसर पर व्हीके सहगल, एमके थापर, एमपी दीक्षित, एके सिन्हा, ओमप्रकाश, बीआर रेड्डी, एलके श्रीवास्तव, पीके रायचौधरी, आरपी ठाकुर, मनोज प्रसाद, एके कोमावार, श्याम मुरारी चौधरी, जी श्रीनिवासन, केके श्रीवास्तव, राधेश्याम सिंह, अनिल कुमार सिंह, सुजीत कुमार सिंह, नाथूलाल पाण्डेय, अजय विश्वकर्मा , गोपाल नारायण सिंह, वीएम मनोहर, एके पाण्डेय, महेंद्र पाल सिंह, राजेश शर्मा, अमृत लाल विश्वकर्मा, पी. चन्द्रकांत, संजय सिंह, बी धर्माराव, इंद्रदेव चौहान, जीएस प्रसाद, आरपी खांडे, एआर सिदार, ओपी नवरंग, ए विश्वास, अनिरूद्ध कुमार चंद्रा आदि मौजूद थे।



स्थापना दिवस पर उपस्थित एसईसीएल के अफसर सहित अन्य अतिथि।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारी–कर्मचारी।

### सीएमडी ने किया कॉफी टेबल बुक का विमोचन

एसईसीएल के 41वें स्थापना दिवस पर आज संध्या के कार्यक्रम में सीएमडी एसईसीएल हरीश दुहन द्वारा निदेशक मंडल, सीवीओ, श्रद्धा महिला मंडल एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रकाशित एसईसीएल कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया गया।

### पूर्व विधायक पांडेय ने कहा-सरकार गरीबी नहीं, गरीबों को हटाने में लगी

# लिंगियाडीह में बेदखली के खिलाफ भड़का गुस्सा, कार्रवाई बंद करे प्रशासन



धरने पर बैठे कांग्रेस के पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय सहित अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लिंगियाडीह क्षेत्र में नगर-निगम की ओर से गरीब परिवारों के मकान तोड़ने और गार्डन व कमर्शियल कॉम्प्लेक्स निर्माण की तैयारी को लेकर मंगलवार को क्षेत्र में भारी आक्रोश देखने को मिला।

सर्वदलीय विकास मंच लिंगियाडीह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और विरोध प्रदर्शन किया। मंच के प्रतिनिधियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों वाला ज्ञापन पूर्व विधायक शैलेश पांडेय को सौंपा, जिसे उन्होंने आगे बिलासपुर कलेक्टर और नगर निगम कमिश्नर को भेजा। इस धरने में पूर्व विधायक शैलेश पांडेय के शामिल होते ही प्रदर्शन में तेजी आ गई। उन्होंने निगम और सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मौजूदा कार्रवाई गरीबों के साथ खुला अन्याय है। उन्होंने निगम और सरकार की कार्यप्रणाली पर हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार गरीबी हटाओ नहीं बल्कि गरीबों को हटाओ की नीति पर चल रही है। जिन गरीबों को दो साल पहले पैसे लेकर जमीन देने का वायदा किया गया, आज उन्हीं लोगों को उजाड़ा जा रहा है। पहले 150 दुकानों को तोड़ा गया और अब सैकड़ों मकानों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी है। नगर-निगम लगातार बड़े कॉम्प्लेक्स बनाकर यह साबित कर रहा है कि वह कुछ चुनिंदा पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाना चाहता है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बेदखली की कार्रवाई बंद नहीं की गई तो विरोध और उग्र होगा, साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि ज्ञापन में उठाए गए सभी मुद्दों को वे प्रशासन के सामने मजबूती से रखेंगे।

#### 505 परिवार पात्र होने के बावजूद पट्टा लंबित

मंच से जिन मुद्दों को उठाया गया उनमें 10 रुपये प्रति वर्गफुट राशि जमा करने के बाद भी 505 पात्र परिवारों को अब तक पट्टा नहीं मिला। निगम ने पहले 150 दुकानों को तोड़ा अब 113 मकानों पर कार्रवाई की योजना बना रहा है। गार्डन और कॉम्प्लेक्स के नाम पर गरीबों को विस्थापित करने की साजिश की जा रही है। मास्टर प्लान में क्षेत्र को आवासीय घोषित करने की मांग लंबे समय से लंबित है। स्थानीय लोगों की चिंता, रोजगार और बच्चों की पढ़ाई पर संकट है। प्रभावित परिवारों ने बताया कि नगर-निगम द्वारा बिना वैकल्पिक व्यवस्था के तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा रही है, जिससे उनके रोजगार पर सीधा असर पड़ेगा। कई बच्चों की स्कूलें भी उसी क्षेत्र में हैं, अचानक विस्थापन से उनकी पढ़ाई बाधित होगी।

#### बड़े आंदोलन की चेतावनी

प्रशासन और नगर निगम के नाम पर सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि आसपास की कई कॉलोनियों जैसे राजीव गांधी नगर, केसर आवास, हरिसिंह नगर आदि में गार्डन के लिए मैदान स्वीकृत हुए हैं। लेकिन नगर-निगम ने आज तक वहां सफाई तक नहीं की। इसके बावजूद लिंगियाडीह में बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की तैयारी है। सर्वदलीय विकास मंच ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने बेदखली की कार्रवाई पर रोक नहीं लगाई और पात्र परिवारों को पट्टा नहीं दिया तो क्षेत्र में बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा।

## पॉलिटिक्स प्लस

### साव को दी शुभकामनाएं



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव को भाजपा नेताओं ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर भाजपा नेता ज्योतिन्द्र उपाध्याय, सत्यजीत भौमिक, रमेश जायसवाल, रविन्द्र उपाध्याय, पीयूष गौरहा,आदित्य तिवारी, योगेश ठाकुर, श्यामलाल दुबे, मनोज साहू, सुशील चौबे, त्रिवेणी शंकर साहू, विनोद तिवारी, गौरव शर्मा, जलेस्वर साहू, राजेन्द्र साहू, वितेंद्र पाठक, शिवम सिंह आदि शामिल हैं।

### महामाया का लिया आशीर्वाद



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव अपने जन्मदिन पर रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर पहुंचे। यहां मां से आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेशवासियों के लिए खुशहाली मांगी। इस अवसर पर उन्हें पूर्व केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ सोमनाथ यादव एवं भाजपा नेता नीरज यादव अपने समर्थकों सहित जन्मदिन की बधाई दी।



बिलासपुर। यशस्वी उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी जन्मदिवस पर भाजपा नेता राजेश सिंह के नेतृत्व में भव्य जन्मदिवस मनाया गया।

# कांग्रेस प्रदेश सह प्रभारी जांगिड़ ने एसआईआर को बताया भाजपा का छुपा एजेंटा

- कांग्रेस भवन में ली पदाधिकारियों की बैठक

कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने एसआईआर को भाजपा का छुपा हुआ एजेंटा बताया। उन्होंने एसआईआर को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को मुस्तैदी से काम करने कहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने आज कांग्रेस भवन में एसआईआर को लेकर प्रदेश पदाधिकारी , ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक प्रभारियों की बैठक लेते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग ने एसआईआर बिहार में लागू किया और 56 लाख नाम काटे गए। आयोग ने कहा 15 लाख नाम जोड़े गए है पर 21 लाख नाम जोड़ा गया, यह अंतर कैसे हुआ। निर्वाचन आयोग के पास कोई जवाब नही था। छत्तीसगढ़ में भी एसआईआर में 4 दिसंबर तक नाम जोड़े जाएंगे। यह भाजपा या निर्वाचन आयोग का छुपा हुआ एजेंडा है, जिसके लिए हमे मुस्तैद रहना पड़ेगा। क्योकि कांग्रेस के परंपरागत वोटर उनके निशाने पर होंगे। 4 दिसंबर के बाद प्रकाशन दावा आपत्ति पर विशेष ध्यान देना पड़ेगा और किसी का नाम में कोई आपत्ति है तो उसे निराकरण करने के लिए प्रयास करना होगा। ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। 2003 के बाद नए परिसीमन होने से विधानसभा क्षेत्रों में परिवर्तन हो गया है। बीएलओ के पास जो 2003 के वोटर लिस्ट है , उस समय नाम दूसरे विधानसभा में था आज बदल गया है, जिसके कारण मतदाताओं को 2003 की सूची में नाम दूंढने में परेशानी हो रही है। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि गांव से पलायन भी शुरू हो गया ,जिससे बहुत से लोग मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं करा पाएंगे। बैठक में मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक शैलेश पांण्डेय, सियाराम कौशिक, राजेन्द्र शुक्ला, प्रमोद नायक, राजेन्द्र साहू, प्रेम जायसी, पंकज सिंह, शिवा मिश्रा, देवेंन्द्र सिंह, शेख नजीरुद्दीन, जितेंद पांण्डेय ,ऋषि पांण्डेय, समीर अहमद, गीतांजलि कौशिक, सुकृति खूंटे, प्रीति पाटनवार आदि मौजूद थे।



बैठक को संबोधित करते कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विजय जांगिड़।

# चौकसे कालेज में बिल्डिंग रेजिलिएंट वाटर सिस्टम्स पर पूर्व छात्रों ने किया जागरुक



बिलासपुर। चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा इंडियन वाटर वर्क्स एसोसिएशन के छात्र अध्याय के तत्वावधान में बिल्डिंग रेजिलिएंट वाटर सिस्टम्सः एनहांसिंग अवेलेबिलिटी क्वालिटी एंड ट्रीटमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जल प्रबंधन के क्षेत्र के तीन प्रमुख विशेषज्ञों ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। जिनमे सेवानिवृत अधीक्षक अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अजय कुमार साहू , पूर्व-महासचिव इंडियन वाटर वर्क्स एसोसिएशन कोमल प्रसाद , अधीक्षक अभियंता बिलासपुर परीक्षित चौधरी थे।

कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को पानी की उपलब्धता गुणवत्ता और उपचार को बढ़ाने के लिए लचीली जल प्रणालियों के निर्माण के महत्व के बारे में जागरूक करना था। विशेषज्ञों ने जल संरक्षण अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और ठोस कचरे के उत्पादन को कम करने जैसे विषयों पर बहुमूल्य जानकारी साझा की। साथ ही जल प्रबंधन में एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करने के लिए जल संसाधनों का ज़िम्मेदारी से उपयोग और संरक्षण के तरीको की जानकारी जिससे जल के उपयोग संग्रहण भंडारण और निपटान में कुशल होना जिससे विश्वसनीय जल आपूर्ति सेवाएँ सुनिश्चित हों जल संबंधी खतरों को कम किया जा सके और पर्यावरण की सुरक्षा हो सके।कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर शुभलक्ष्मी तिवारी, प्रोफेसर रोली वैष्णव जोशी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंध निर्देशक इंजीनियर आशीष जायसवाल, शरद कौशिक, ओएसडी प्राचार्य नितिन जैन ने भी परिसर में वर्षा जल संचयन प्रणाली और अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण में गहरी रुचि दिखाई है।

# कामयाबीः सिम्स में हाइडेटिड सिस्ट का पांचवां सफल दूरबीन ऑपरेशन

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर ने जटिल सर्जरी के क्षेत्र में एक और बड़ी कामयाबी दर्ज की है। सर्जरी विभाग की टीम ने दूरबीन तकनीक का उपयोग करते हुए लीवर में मौजूद 10 सेंटीमीटर के हाइडेटिड सिस्ट को सुरक्षित रूप से निकाल दिया। यह सिम्स में इस तरह की पांचवीं सफल लैप्रोस्कोपिक सर्जरी है।

मुंगेली की 20 वर्षीय तीजन नेताम पेट में भारीपन, भूख कम लगना और असहजता की शिकायत के साथ सिम्स पहुंची। सोनोग्राफी और सीटी स्कैन में लीवर के दाहिने हिस्से में बड़ा हाइडेटिड सिस्ट पाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिम्स प्रशासन के मार्गदर्शन में इसे दूरबीन पद्धति से ऑपरेट करने का निर्णय लिया गया। इसमें सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. ओ.पी. राज के नेतृत्व में डॉ. रघुराज सिंह, डॉ. बी.डी. तिवारी और डॉ. प्रियंका माहेश्वर की टीम ने ऑपरेशन को अंजाम दिया। एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. भावना रायजादा, डॉ. मिल्टन, डॉ. मयंक आगरे व पीजी रेजिडेंट्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रेडियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने सटीक रिपोर्टिंग कर सर्जरी में अहम सहयोग दिया। ओटी स्टाफ सिस्टर योगेश्वरी, संतोष पांडे और अश्वनी मिश्रा का काम भी सराहनीय रहा।



#### क्या होता है हाइडेटिड सिस्ट?

यह एक परजीवी संक्रमण है, जो इकाईनोकोकस ग्रेन्यूलोसस (कुत्ता फीता कृमि) के कारण होता है। यह आमतौर पर लीवर और फेफड़ों को प्रभावित करता है। संक्रमण अक्सर दूषित पानी, संक्रमित भोजन और कुत्तों-भेड़ों के संपर्क से फैलता है। मुख्य लक्षण - पेट दर्द, भारीपन, भूख कम लगना, जल्दी पेट भरने का एहसास इसके मुख्य लक्षण है। गहरे और बड़े सिस्ट लीवर की कार्यप्रणाली पर असर डालते हैं। फटने पर ऐनाफाइलैक्सिस जैसी जानलेवा स्थिति भी बन सकती है। स्वच्छ पानी, साफ भोजन और राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत क्रीमनाशक दवाओं का सेवन कर इस रोग से बचा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### बोर्ड की परीक्षाएं इस बार फरवरी में ही

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर की ओर से हाई स्कूल (10वीं), हायर सेकेंडरी (12वीं) मुख्य परीक्षा वर्ष 2026 के लिए टाइम टेबल जारी कर दिया गया है। सीजी बोर्ड टाइम टेबल के मुताबिक कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 21 फरवरी से 13 मार्च 2026 तक वहीं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 20 फरवरी से 18 मार्च 2026 तक आयोजित की जाएंगी। सीजी बोर्ड की ओर से कहा गया है कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट दोनों ही कक्षाओं की परीक्षाओं का आयोजन एक ही शिफ्ट में करवाया जाएगा। परीक्षा के लिए समय सुबह 9 बजे से लेकर दोपहर 12:15 तक रहेगी। छात्रों को 9 बजे कक्षा में स्थान ग्रहण करने, 9:5 तक उत्तर पुस्तिका का वितरण किया जायेगा। इसके बाद छात्रों को 9:10 पर प्रश्न पत्र का वितरण किया जायेगा। छात्रों को 9:15 से लेकर 12:15 तक उत्तर दर्ज करने का समय मिलेगा।

### एसआईआर में गलत जानकारी दी तो जुर्माना

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) फॉर्म में गलत जानकारी और दस्तावेज देने पर एक साल की जेल और जुर्माना हो सकता है। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से इस संबंध में सूचना जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि मृत व्यक्ति या ऐसे लोग जो अब भारतीय नागरिक नहीं रहे हैं, उनका गणना प्रपत्र जमा न करें। इसी तरह जिनका नाम निर्वाचक नामावली में एक से अधिक स्थानों पर मौजूद है, और वह सभी जगह प्रपत्र जमा करते हैं, और गणना प्रपत्र में गलत घोषणा करते हैं तो यह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 के तहत दंडनीय है। उधर, मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का काम 4 नवंबर से जारी है।

### पालना सहायिका भर्ती आवेदन 4 दिसंबर तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकासपरियोजना शहरीअंतर्गत वार्ड-22 डॉ. भीमरावअंबेडकर नगर अंतर्गत पालनाकेंद्र पुरानी कंपोजिट बिल्डिंगपरिसर में खुल रहा है। इसमें पालना सहायिका के एक पद परभर्ती की जाएगी। इसके लिए 4दिसंबर तक आवेदन मंगाए गएहैं। सहायिका पद के लिएशैक्षणिक योग्यता 8वीं पास एवंसंबंधित वार्ड निवासी होनाआवश्यक है। आवेदन के संबंधमें जानकारी एकीकृत बाल विकासपरियोजना शहरी केकार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

### व्यापार विहार व चांटीडीह में सुबह ही मिलेगा पानी

**बिलासपुर।** अमृत मिशन से पानी की सप्लाई बंद होने के बाद व्यापार विहार और चांटीडीह इलाके में पानी संकट गहरा गया है। ट्यूबवेल के सहारे चल रही व्यवस्था से पानी टंकियों में पर्याप्त मात्रा में नहीं भर पा रहा है, जिसके कारण निगम को सप्लाई करने में लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात को देखते हुए नगर निगम ने अब इन क्षेत्रों में केवल सुबह के समय ही पानी की सप्लाई करने का निर्णय लिया है। निगम अधिकारियों के अनुसार, अमृत मिशन की सप्लाई बंद होने के बाद दैनिक जरूरत के अनुसार पानी की उपलब्धता कम हो गई है। ट्यूबवेल से भरने वाली टंकियां आधी ही भर पा रही हैं, जिससे दिन में दो बार सप्लाई देना संभव नहीं रह गया है। निगम ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे पानी का अत्यधिक उपयोग न करें और उपलब्ध पानी को आवश्यकता अनुसार ही खर्च करें।

30 से लेकर 40 हजार रुपए तक किराए में उठीं भू तल की दुकानें

# इमलीपारा की 22 दुकानों की नीलामी इधर 35 छोटे दुकानदार हो गए बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के पुराने बस स्टैंड रोड और इमलीपारा रोड की दुकानों के आवंटन का मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। इसी बीच निगम ने 57 दुकानों को किराए पर देने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। मंगलवार को भू तल की 22 दुकानों की नीलामी हो भी गई। इसमें निगम को 30 से लेकर 40 हजार रुपए तक किराया मिलेगा। निगम के मुताबिक इन दुकानों से हर महीने 8 लाख 20 हजार और सालाना करीब एक करोड़ रुपए का किराया मिलेगा। शेष दुकानों के आबंटन के लिए कुछ दिनों बाद प्रक्रिया होगी। हालांकि जो छोटे दुकानदार हैं उनकी ओर से कहा गया है कि निगम ने तोड़फोड़ के समय दुकानें बनाकर देने का वादा किया था। अब इसे कुछ खास लोगों को दिया जा रहा है। दूसरी ओर निगम का कहना है कि लीजधारी 5 लोगों को दुकानों का आबंटन पहले ही कर दिया गया है। कुछ मामले जो कोर्ट में लंबित है उनके लिए दुकानें सुरक्षित रखीं गईं हैं। बाकी दुकानों को किराए पर दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि रश्मि अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, अरुण कुमार तुलस्यान और सुशील समनानी ने एडवोकेट गौतम खेत्रपाल के जरिए हाईकोर्ट में याचिकाएं लगाई थीं। इसमें बताया कि उनकी दुकानें पुराने बस स्टैंड परिसर में थीं और जिनकी लीज खत्म होने के बाद भी निगम ने किराया स्वीकार किया। इसलिए उन्हें 'श्रेणी बी' में रखकर नई दुकानों के आवंटन में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हाईकोर्ट ने माना कि निगम द्वारा अक्टूबर 2022 तक किराया लेने से 'संपत्ति हस्तांतरण अधिनियम, 1882' की धारा 116 लागू होती है, जिसके तहत पुराना किरायेदारी संबंध बना रहता है।



### तीन साल का बनेगा किरायानामा

इधर निगम ने जो टेंडर जारी किया है उसमें कहा गया है कि दुकानों की किराए पर लेने के लिए अमानत राशि के 50 हजार रुपए का डीडी जमा करना होगा। 25 नवंबर को विकास भवन के दृष्टि सभाकक्ष में प्रथम तल में उपस्थित आवेदकों एवं सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में टेंडर खोला गया। इसमें 49 लोग पहुंचे थे। दोपहर से लेकर शाम तक चली इस प्रक्रिया में 22 दुकानों का आंबटन किया गया। इस दौरान एक से अधिक दुकानों के दर ऑफर के लिए अलग-अलग आवेदन पत्र लिया गया। टेंडर में यह भी शर्त थी कि एक ही क्रमांक की दो दुकानों की मांग आने पर उच्चतम दरदाता की अमानत राशि छोड़कर शेष की अमानत राशि मूलतः वापस कर दी जाएगी। इसके साथ ही 11 महीने का किराया निगम के खाते में जमा करना होगा। दुकानों का आवंटन मासिक किराएदारी पर तीन वर्ष के लिए होगा। हर तीन वर्ष में 15 प्रतिशत वृद्धि किराए में की जाएगी।

### दुकानदारों की लीज 2037-38 तक वैध

जिन दुकादनदारों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी उस पर कोर्ट ने निर्देश दिया है कि नीलामी से पहले याचिकाकर्ताओं के व्यक्तिगत दावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाए। साथ ही उन्हें नई इमलीपारा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स में दुकानों के आवंटन में प्राथमिकता देने पर निर्णय लिया जाए। इससे पहले इन दुकानदारों द्वारा कहा गया था कि उनकी लीज 2037-38 तक वैध है, लेकिन निगम ने केवल 3 साल के लिए दुकान आवंटित करने का निर्णय लिया था। कोर्ट ने इसे अनुचित बताया और कहा कि चूंकि जमीन नजूल संपत्ति है, इसलिए निगम लंबी अवधि की लीज देने को सीमित कर सकता है, लेकिन पहले से वैध लीज को केवल तीन साल तक सीमित करना अवैध है। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि निगम याचिकाकर्ता के मूल लीज समझौते की शर्तों के अनुरूप आवंटन करे।

### व्यापारियों ने लगाया अनदेखी का आरोप

इधर इमलीपारा बस स्टैंड क्षेत्र में 87 दुकानों के तोड़े जाने के बाद से व्यापारी परेशान हैं। करीब दो साल से दुकान आवंटन की आस में निगम और जिला प्रशासन के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला है। इमलीपारा व्यावसायिक संघ के मुताबिक अधिकारियों ने भरोसा दिया था कि आठ महीने के भीतर नई दुकानें बनाकर व्यापारियों को आवंटित कर दी जाएंगी लेकिन अब नियम कायदे बताए जा रहे हैं और परेशानी सुनने वाला कोई नहीं है। व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन ने सिर्फ उनकी दुकानों को ही नहीं, बल्कि उनके सपनों और अरमानों को भी बुलडोजर से कुचल दिया है। इतने लंबे समय से बेरोजगार बैठे व्यापारी अब आर्थिक तंगी और तनाव के कारण मानसिक और शारीरिक रूप से कमजोर होते जा रहे हैं।

### 22 दुकानों की नीलामी

निगम ने 57 दुकानों को किराए पर देने के लिए टेंडर जारी किया है। मंगलवार को इसमें से भू तल की 22 दुकानों का आबंटन कर दिया गया। इससे पहले लीजधारी 5 लोगों को दुकानों दे दी गईं हैं। कुछ मामले जो कोर्ट में लंबित है उनके लिए दुकानें सुरक्षित रखी गईं हैं।

– **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

पुलिस ने छात्र का कराया पीएम

# पिता ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवोदय विद्यालय के छात्र की निमोनिया से मौत के मामले में पिता ने स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस चौकी में शिकायत की है। इसके बाद पुलिस ने मृतक छात्र का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

■ नवोदय में छात्र की मौत का मामला

बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, 25 नवंबर को बेलगहना कृष्णनगर निवासी जय प्रकाश यादव ने लिखित शिकायत की। उनका बेटा हर्षित यादव मल्हार नवोदय विद्यालय में कक्षा दसवीं का छात्र था। 22 नवंबर को विद्यालय प्रबंधन ने हर्षित की तबियत खराब होने की जानकारी देते हुए आकर ले जाने की बात कही। जिस पर वह बाइक से मल्हार नवोदय विद्यालय गए। उन्होंने बीमार बेटे को अस्पताल ले जाने के लिए चार पहिया वाहन उपलब्ध कराने की प्रबंधन से गुहार लगाई। किन्तु प्रबंधन ने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया चार पहिया वाहन को प्राचार्य लेकर गए हैं। वह बाइक से अपने बेटे को इलाज के लिए बिलासपुर लेकर आए और निजी हास्पिटल में भर्ती कराए। जहां चार पांच दिन की दवाई देकर छुट्टी दे दी गई। स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर वासुदेव क्लीनिक लेकर गए जहां डाक्टर ने जांच के बाद बताया गया उनका बेटा निमोनिया से पीड़ित है। उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। किन्तु दोपहर 2 बजे उसकी मौत हो गई। उन्होने आरोप लगाया है उनके द्वारा विद्यालय के छात्रावास में गंदगी व बदइंतजामी को लेकर कई बार प्रबंधन से शिकायत की गई थी। जिसमें भवन में सीलन, दरवाजे खिड़की टूटे हुए हैं संक्रमण का खतरा है। किन्तु प्रबंधन ने कोई ध्यान नहीं दिया। पिता की शिकायत पर पुलिस ने छात्र के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

## टेस्ट ड्राइव के बहाने बाइक लेकर भागा

**बिलासपुर।** खरीदने के लिए टेस्ट ड्राइव के बहाने एक युवक बाइक लेकर भाग गया है। पुलिस अपराध कायम कर पतासाजी में जुट गई है।



सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चटर्जी गली निवासी राहुल मिश्रा पिता यशवंत मिश्रा ने अपनी बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 10 बीएफ, 5144 को बेचने के लिए अपने ओएलएक्स आईडी में 18 नवंबर को विज्ञापन डाले थे। विज्ञापन को देखकर 21 नवंबर को अनजान मोबाइल नम्बर से उन्हें फोन कर उनकी बाइक खरीदना है कहकर देखने की बात कही। उन्होंने मोबाइल धारक को महामाया चौक हरि अमृत चाय दुकान में मिलने के लिए बुलाया। मोबाइल धारक टेस्ट ड्राइव के लिए उनसे पल्सर लेकर निकल गया और वापस नहीं आया।

राहुल मिश्रा उसके पतासाजी में लगे हुए थे। नहीं मिलने पर उन्होंने थाने में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 316, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# दरवाजे का पल्ला तोड़कर साढ़े 3 लाख की चोरी

मंगला चौक नंद विहार कालोनी में हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दरवाजे में ताला लगाकर घर वाले शादी में चले गए। इधर चोरों ने दरवाजे का पल्ला तोड़कर पुराना मकान खंगाल डाला। सोने चांदी के जेवर व नकद रकम सहित साढ़े 3 लाख का सामान चोरी कर लिया गया है। चोरी की वारदात से कालोनी में हड़कंप मच गया है।

■ शादी में गए थे घरवाले

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला चौक नंद विहार कालोनी निवासी विनोद पाठक पिता स्व. व्यासनारायण पाठक छ.ग. ग्रामीण बैंक में सहायक प्रबंधन के पद पर कार्यरत हैं। 23 नवंबर की सुबह 10 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर वह परिवार के साथ भतीजे के शादी में शामिल होने नारायण मंगलम चले गए थे।

इसी दौरान रात में सूने मकान का फायदा उठाकर चोरों ने घर के मुख्य लकड़ी के दरवाजे का पल्ला तोड़ा और सिटकनी खोलकर अंदर घूस गए। उसके बाद पुरे मकान को खंगाल डाला। चोरो ने आलमारी से सोने की बाली 2 नग, सोने का चेन 1 नग, सोने का टाप्स 5 जोड़ी, सोने की



अंगूठी 2 नग, चांदी की थाली 2 नग, कटोरी 4 नग, गिलास 2 नग, प्लेट 2 नग, लोटा 2 नग, चम्मच 2 नग, पायल 6 नग, करधन 2 नग, 50 नग चांदी के सिक्का, 72 हजार रुपए नकद चोरी कर फरार आसानी से भाग गए।

24 नवंबर को दोपहर 2 बजे श्री पाठक घर आए तब चोरी की जानकारी हुई। श्री पाठक ने बताया चोरो ने उनके घर से साढ़े तीन लाख का सामान चोरी कर लिया है। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना करने के बाद लौट गई है। पुलिस ने श्री पाठक की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पशु विभागकर्मी के घर डेढ़ लाख की चोरी

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, कोरमी ग्रीन कालोनी निवासी अमिता बंजारे पिता स्व. सुभाष बंजारे पशु विभाग में सहायक ग्रेड 3 कर्मचारी है। 17 नवंबर को मकान के दरवाजे में ताला लगाकर वह पैतृक गांव पाराघाट चली गई थी। 23 नवंबर को शाम 6 बजे घर आई तो ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखी तो सामान अस्त व्यस्त थे और आलमारी से सोने का चेन, 5 जोड़ी टाप्स, 5 सोने की अंगूठी, 2 जोड़ी पायल, बिछिया, 2 मोबाइल, 2 गैस सिलेण्डर, 20 हजार रुपए नकद, एफडी व जमीन के दस्तावेज सहित डेढ़ लाख का सामान चोरी हो गई थी।

### जांच एजेंसी स्वयं जांच में फंसी, चोरों का चांदी

चोर गिरोह सक्रिय होकर सिविल लाइन क्षेत्र के साकेत अपार्टमेंट के दो मकानों, उसलासपुर गुलमोहर कालोनी व सरकण्डा क्षेत्र के मकान में बड़ी चोरी व रतनपुर में बस में रायपुर के सराफा व्यापारी की 1 करोड़ के जेवर व नकद से भरा बेग चोरी कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। मजेदारबात यह है कि चोर गिरोह के पतासाजी के गठित एसीसीयू टीम स्वयं मोबाइल लोकेशन के जांच कराने में व्यस्त है।

### ग्रामीण से मारपीट कर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** रिपोर्ट लिखाने पर ग्रामीण के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, 23 नवंबर को बेलतरा शिव चौक निवासी कीर्तन कुमार सूर्यवंशी पिता स्व. सौखीलाल सूर्यवंशी की बेटी स्वाती के साथ मेंगो सूर्यवंशी धक्का मुक्की कर रहा था। उन्होंने मना किया तो गाली गलौज की गई। घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। उसके बाद शाम को घर के पास खड़े थे। इसी दौरान मेंगो सूर्यवंशी आया और मेरे खिलाफ थाने में रिपोर्ट करने गया था कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट कर सब्जी काटने के चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ बीएनएस की धारा 118, 1, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## जबरिया मकान खाली कराने घर में घुसकर तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जबरिया मकान खाली कराने घर में घूसकर कर तोड़फोड़ करने के मामले में फरार 4 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि 23 फरवरी 2025 को राजकिशोरनगर निवासी जी श्रीनिवास राव ने रिपोर्ट लिखाई थी। राजकिशोरनगर तुलसी आवास ब्लाक 6 निवासी जसबीर सिंह उसके घर को छलपूर्वक अपने नाम पर रजिस्ट्री करा लिया है। जिस संबंध में प्रकरण न्यायालय में लंबित है। शाम 5 बजे जसबीर सिंह अपने साथियों के साथ उनके घर में घूसकर गाली गलौज करते मकान खाली करो कहते घर सामानों को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाए है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 332 ग, 324, 4, 3, 5 के तहत अपराध कायम




■ फरार 4 युवक गिरफ्तार

कर लिया था। 25 नवंबर को पुलिस ने फरार आरोपी राजकिशोरनगर निवासी जसबीर सिंह पिता स्व. भूपेन्द्र सिंह 34 साल, यश तिवारी पिता दीपक तिवारी 19 साल, सुदीप डे पिता स्व. संतोष डे 26 साल, उत्कर्ष श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पूर्व में कोई प्रकरण नहीं होने पर उत्कर्श श्रीवास्तव को मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है। वहीं अन्य तीन आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है।

# रकबा संशोधन का अंतिम दिन, देर शाम तक होता रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन एवं रकबा संशोधन से सबंधित कामकाज के लिए शासन द्वारा दी गई एक सप्ताह की अतिरिक्त छूट मंगलवार को समाप्त हो गई। अंतिम दिन तहसील कार्यालयों में देर शाम तक रकबा संशोधन का काम चलता रहा। इस दौरान तहसीलदारों की उपस्थिति में सुधार की प्रक्रिया देर शाम तक चलती रही।

एग्रीस्टेक पोर्टल में नवीन पंजीयन एवं रकबा संशोधन के लिए शासन द्वारा 19 से 25 नवंबर तक बढ़ाई गई अवधि मंगलवार को समाप्त हो गई। इस अवधि में शासन द्वारा सीधे तहसील कार्यालय जाकर उक्त कार्य करवा लेने संबंधी सुविधा किसानों को दी गई थी। इस संबंध में किसानों के लिए टोल-फ्री नंबर भी जारी किए गए थे, ताकि वे संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर सकें। मंगलवार को इस कार्य के अंतिम दिन सुबह से ही किसानों की भीड़ तहसील कार्यालयों में जुटी रही। सुधार का काम तहसीलदारों की उपस्थिति में देर शाम तक चलता रहा।

उल्लेखनीय है कि धान खरीदी की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं



सुलभ बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा पिछले एक साल से किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन किया जा रहा है। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं किसानों को इसके लिए प्रेरित करने घर-घर शासकीय अमला भेजा गया था। एक सप्ताह पहले तक एग्रीस्टेक पंजीयन की मियाद समाप्त हो चुकी थी, लेकिन कहीं-कहीं किसानों द्वारा पंजीयन नहीं होने या रकबा में संशोधन की मांग करने के कारण सरकार द्वारा इस प्रक्रिया को 25 नवंबर तक के लिए बढ़ाया गया था। मंगलवार को सुधार के लिए बढ़ाई गई यह अवधि भी समाप्त हो गई।

### भोजपुरी व पांड़ के किसानों का पंजीयन आटोमेटिक रद्द

तखतपुर ब्लॉक अंतर्गत सकरी तहसील के भोजपुरी एवं पांड़ गांव के किसानों द्वारा अपना एग्रीस्टेक पंजीयन सितंबर महीने में किया जा चुका था। अब जब धान बेचने का समय आया है तब एग्रीस्टेक पोर्टल से उनका पंजीयन आटोमेटिक रद्द दिखा रहा है। हालांकि संबंधिति किसानों द्वारा इस संबंध में सुधार के लिए तहसीलदार या सकरी तहसील में शिकायत या आवेदन प्रस्तुत नहीं किया है।

### सुधार के लिए आवेदन नहीं मिले

इस संबंध में भोजपुरी या पांड़ गांव के किसी भी किसान से सुधार के लिए आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं। रकबा संशोधन एवं एग्रीस्टेक पंजीयन के लिए मंगलवार को अंतिम दिन था। देर शाम तक संशोधन का काम चलता रहा। आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में हर हाल में सुधार हो चुका होता।

**–राहुल शर्मा**, तहसीलदार सकरी

## लंबे समय से फरार 5 वारंटी पकड़े गए

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर लंबे से फरार 5 वारंटियों को पकड़कर कोर्ट में पेश किया है।

सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, सिविल लाइन टीआई एसआर साहू के नेतृत्व में लंबित वारंटियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया है। इस दौरान विभिन्न मामलों में लंबे से फरार चल रहे 5 गिरफ्तारी वारंटी शिवनारायण कौशिक पिता स्व. लक्ष्मण कौशिक मंगला, हरीश श्रीवास पिता नूतन श्रीवास मंगला, सुमित यादव उर्फ बंशी पिता गेंदराम यादव उसलापुर, शुभांकर रात्रे पिता दिनेश रात्रे 18 साल जरहाभाठा शिवनाथ मार्ग, उसके भाई कृष्ण नारायण रात्रे को पकड़कर कोर्ट में पेश किया गया है। ज्ञात हो कि एक दिन पहले सिविल लाइन पुलिस ने तालापारा में मुसाफिर चेकिंग अभियान चलाया गया था। इस दौरान कोलकाता, जिला मिदनापुर के किराए के मकान में रहने वाले 15 लोगों को थाने में तलब कर उनके आधार कार्ड का सत्यापन, फिंगरप्रिंट संकलन, आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर मुसाफिरी दर्ज किया गया था।





# समिति पहुंचने से पहले ही भर जा रहा टोकन का कोटा

**बिलासपुर।** सहकारी समितियों में मैनुअल पद्धति से जारी किए जा रहे टोकनों का कोटा बढ़ाने की मांग आने लगी है। वर्तमान में समितियों को धान खरीदी के लिए प्रतिदिन दी गई लिमिट का फिलहाल 30 प्रतिशत ही मैनुअल पद्धित से टोकन जारी करने का कोटा दिया गया है। लिमिट का शेष 70 प्रतिशत टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से ऑनलाईन जारी किया जाना है। बड़े किसानों द्वारा एप में टोकन के लिए प्रयास करने पर एप ओपन ही नहीं होता, जिससे उन्हें टोकन लेने में परेशानी हो रही है।

समर्थन मूल्य पर सहकारी समितियों में धान बेचने वाले बड़े किसानों को अब दिक्कत होने लगी है। वर्तमान में शासन द्वारा धान बेचने से पहले टोकन प्राप्त करने की दो तरह की व्यवस्था

### बड़े किसान परेशान



की गई है। पहली व्यवस्था पारंपरिक है, जिसमें लोग समिति कार्यालय में जाकर लाईन लगकर टोकन प्राप्त कर रहे हैं। इस व्यवस्था के अंतर्गत समिति द्वारा प्रतिदिन धान खरीदी की प्राप्त लिमिट का केवल 30 प्रतिशत ही टोकन जारी किया जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्येक समिति को फिलहाल एक हजार से 12 सौ क्विंटल प्रतिदिन धान खरीदी करने की लिमिट जारी की गई है। इसी तरह दूसरी व्यवस्था में टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से किसान ऑनलाईन तरीके से टोकन प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें समिति को प्राप्त लिमिट का 70 प्रतिशत टोकन जारी हो रहे हैं। इस पद्धति में छोटे किसानों को तो कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन बड़े किसानों को परेशानी हो रही है।

### अनुपात में खरीदी नहीं

धान खरीदी बढ़ने के साथ ही समितियों में मैनुअल पद्धति से जारी होने वाले टोकनों की लिमिट आवश्यकतानुसार बढ़ाई जा सकती है। फिलहाल धान खरीदी के लिए समितियों को प्रतिदिन की जो लिमिट दी गई है, उस अनुपात में खरीदी ही नहीं हो पा रही है।

- **अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक




**खबर संक्षेप**

## सहकारी समिति टेकर में धान खरीदी प्रारंभ



**बेलतरा।** बेलतरा शाखा अंतर्गत सेवा सहकारी समिति टेकर में सोमवार को धान खरीदी प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बलराम वर्मा (अध्यक्ष) शाखा प्रबंधक ओंकार प्रसाद पांडे, नोडल अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विजय कुमार सूर्यवंशी, दिलीप कुमार शुक्ला संस्था प्रबंधक, राजकुमार कश्यप विक्रेता, देव कुमार यादव कंप्यूटर ऑपरेटर, नितेश कश्यप, विजय कुमार सूर्यवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण वर्मा, तदवीर कश्यप, कुशल वर्मा, सुरेश कुमार वर्मा सरपंच टेकर, बलदेव वर्मा, दिलीप दर्वे, देवी साहू, सुखदेव प्रसाद साहू, केशव प्रसाद कश्य, राजकुमार साहू एवं अन्य कृषक मौजूद रहे।

## मल्हार नपं में मितानिनों का किया गया सम्मान



**मल्हार।** नगर पंचायत कार्यालय में सोमवार को मितानिन दिवस के अवसर पर मल्हार के मितानिनों का साड़ी एवम श्रीफल देकर नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त व अतिथियों ने सम्मानित किया। मितानिनों के समाज मे योगदान को बताते हुए चौकी प्रभारी अवधेश सिंह ने कहा कि ग्रामीण हो या शहरी इलाका इनकी अहम भूमिका होती है सरकार के विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वय में उनकी भूमिका रहती है। सीएमओ मनीष सिंह ने कहा कि टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव के लिए प्रेरित करना, प्राथमिक उपचार के लिए दवा वितरित करना, सर्वे आदि कार्यो को इन मितानिनों ने लगन व ईमानदारी पूर्वक करके समाज की सेवा की है इसलिये हमारी प्रथम जिम्मेदारी इनका सम्मान करना होता है। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि धनेश्वर कैवर्त, पार्षद विष्णु कैवर्त, सुजीत राजभानु, आशुतोष वर्मा, मिथुन यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिला अस्पताल में मिलेगी निःशुल्क गर्म पानी की सुविधा



**मुंगेली।** सेवा भारती मुंगेली द्वारा जिला अस्पताल में निःशुल्क गर्म पानी सुविधा के लिए 10 नग केटली लगाकर प्रारंभ किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत सेवा प्रमुख तुलसीदास प्रचारक ने सेवा कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि निश्चित ही ठंड के दिनों में इस सेवा कार्य से मरीजों एवं मरीज के परिजनों को अत्यधिक लाभ एवं सुविधा प्राप्त होगी। मानव सेवा ही माधव सेवा है। साथ ही सेवा भारती द्वारा संचालित श्री माधव वाचनालय का भी शुभारंभ प्रांत सेवा प्रमुख के हाथों किया गया। कार्यक्रम में मुंगेली नगर से वरिष्ठजनों की उपस्थिति रही। जिसमें जेठमल कोटडिया, रवि पौराणिक, नरेंद्र कोटड़िया, विवेक केसरवानी, अशोक गुप्ता, जिला अस्पताल से डॉ. संदीप पाटिल कार्यक्रम में शामिल हुए। विभाग सह बौद्धिक प्रमुख रामावतार साहू, सामाजिक सद्भाव प्रमुख संदीप ताम्रकार जिला, मुनस राम साहू, जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद दिनेश सोनी, मनोहर यादव, नन्दकुमार जायसवाल, शैलेन्द्र तिवारी, पद्मराज सिंह, वशिष्ठ प्रताप सिंह, चंद्रभान तिवारी, आकाश सोनी, डॉक्टर सुमित तिवारी, चंद्रिका सोनी, बालाराम रजक, राहुल पाठक, प्रभाकर सिंह, चंदन शर्मा, पार्षद रोशन सोनी, अमन शर्मा, विक्रम देवांगन, गजेंद्र साहू, रामकुमार साहू, दीपक सोनकर, कौशल साहू, ओम तिवारी उपस्थित रहे।

## 6 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन



**मरवाही।** भारतीय किसान संघ जीपीएम की मासिक बैठक 24 नवंबर प्रदेश अध्यक्ष माधो सिंह ठाकुर एवं बिलासपुर जिलाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद साहू की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों व किसानों ने अपर कलेक्टर दिलेराम डाहिरे को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया। मांगों में मुख्य रूप से किसानों से सोसायटी में 40.700 किलो ही धान लेने, 2, 5 एवं 10 एकड़ वाले सभी किसानों के टोकन की संख्या में एक टोकन की वृद्धि, धान की राशि का भुगतान बैंकों से करने, पटवारियों द्वारा किसानों के घर जाकर बेवजह परेशान करने एवं एग्रीस्टेक के कारण लगातार आ रही समस्याओं को तहसील कार्यालय द्वारा त्वरित निराकरण करने एवं एग्रीस्टेक पंजीयन जनवरी तक रखने की भी मांग की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से जीपीएम जिलाध्यक्ष रामनारायण राय, उपाध्यक्ष कमलेश राठौर, प्रीतम सिंह ओट्टी, जिला मंत्री सीताराम कैवर्त, कोषाध्यक्ष गोविंद गुप्ता, राकेश त्रिपाठी, मुकेश रजक, सुखदेव आदि उपस्थित रहे।

### जन्मदिन पर क्षेत्र में आयोजित विविध कार्यक्रमों में शामिल हुए डिप्टी सीएम अरुण साव

# जनता का आशीर्वाद ऊर्जा, क्षमता व हौसला बढ़ाने वालाः साव










हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

क्षेत्र के विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव के जन्मदिवस पर क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने समर्थकों ने उनका फूल माला एवं आरती उताकर स्वागत किया। साथ ही उनके शुभचिंतकों ने केक काटकर उन्हें शुभकामनाएं दी।

स्वागत में उमड़े लोग- श्री साव का कारवां विश्राम गृह से प्रारंभ हुआ, जहां जेके अस्पताल संचालक के साजिद खान ने धान तौलकर एवं धान की पारंपरिक पगड़ी पहनकर केक काटा। उसके बाद हटरी में घनश्याम यादव ने फल भेंटकर श्री साव का स्वागत किया। नया बस स्टैंड चौक, फव्वारा चौक, मुंगेली चौक के पास राइसमिल एसोसिएशन की तरफ से नितेश अग्रवाल ने उनका स्वागत किया। नगरपालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने उपाध्यक्ष एवं पार्षदों ने साथ उनका स्वागत किया। थाना के सामने केशरवानी वैश्य समाज द्वारा श्री साव का स्वागत किया गया। पुराना बस स्टैंड व्यवहार न्यायालय के सामने अधिवक्ता संघ, जनपद पंचायत कार्यालय के सामने जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। सरपंच संघ के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय के नेतृत्व में सरपंचों ने स्वागत किया। मानस मंच के पास ठेकेदार संघ की तरफ से नरेंद्र खत्री, यतिंद्र खत्री, जितेंद्र खत्री एवं ब्राम्हण समाज की तरफ से विश्वास दुबे एवं अन्य सामाजिक संगठनों ने उनका आदर-सत्कार किया। सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में बच्चों ने श्री साव को मनमोहक अंदाज में बधाई दी। बच्चों को श्री साव ने चॉकलेट देकर प्रसन्न किया। अरुण साव को जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। हाईस्कूल ग्राउंड में उन्होंने बड़ी संख्या लोगों की मौजूदगी में केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया एवं समर्थकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। विशाल सभा को संबोधित करते हुए श्री साव ने कहा कि, यह

- लोरमी के लिए कई बड़े कार्य ला रहे हैं डिप्टी सीएमः धर्मजीत
- साव छग में परिवर्तन के सूर्योदय का इतिहास लिखने वाले व्यक्तिः सुशांत

यादगर पल है, मैं अपने परिवाजनों के बीच आया हूं। जिस उत्साह, खुशी एवं आदर के साथ आपने आर्शीवाद दिया है, यह मेरे लिए जीवन भर याद रखने वाला पल है। लोरमी में एक प्रकार से आपका आशीवार्द मेरे लिए ऊर्जा एवं क्षमता को बढ़ाने वाला है। आपने मेरा हौसला बढ़ाया आपके आर्शीवाद मेरे लिये बहुमूल्य हैं। उन्होंने कहा कि, लोरमी मेरे लिए मेरा परिवार है, जब से विधायक बना हूं, लोरमी कैसे आगे बढ़े इस पर कार्य कर रहा हूं। आज पूरे प्रदेश में लोरमी की अलग पहचान बन गई है। उन्होंने आगे कहा कि, प्रदेश में एसआईआर मतदाता पुनिरीक्षण का कार्य चल रहा है, जिसमे पुरे प्रदेश में लोरमी प्रथम स्थान पर है। हम सब एक जुट होकर लोरमी को आगे बढ़ाने हम सब कार्य करेंगे। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, यहां की जनता बेहद प्यार करने वाली है। श्री साव बिजली, पानी, सड़क, सिंचाई एवं स्वास्थ्य के लिए कार्य कर हैं। लोरमी के लिए बड़े कार्य ला रहे हैं। इसके अलावा वे पूरे प्रदेश में विकास कार्यों के लिए दिल खोलकर राशि स्वीकृत करते हैं। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि, आज जिनका जन्म दिवस है, वे छग में परिवर्तन की सूर्योदय के इतिहास लिखने वाले व्यक्ति है। पूववर्ती सरकार प्रदेश में उखाड़ने का शंखनाद करने वाले अरुण साव थे। आज सुशासन के रथ में सवार होकर विकास की गति को गति दे रहें है। इस अवसर पर चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, जपं अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, विनय साहू, गुरमीत सलूजा, नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा, जिपं सभापति समुंद्र सिंदराम, अनिता साहू,रत्ना काठले, शांति भास्कर, कोमल गिरी गोस्वामी, विक्रम सिंह धनीराम यादव, रवि शर्मा, महाजन जायसवाल, कुंती डॉ उदय जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, लेखराज ठाकुर, राजेन्द्र साहू, दिनेश कश्यप, दिनेश साहू, विश्वास दुबे, उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, विकास केशरवानी, घंशु राजपूत, नरेन्द्र खत्री, राकेश छाबड़ा, सरपंच संघ अध्यक्ष ज्ञानेश्वर सिंह क्षत्रिय, जवाहर दिवाकर, जीवन साहू, जनमेजय जायसवाल, नारद जायसवाल, माधव तिवारी, ओकार खत्री, अवीश यादव, घनश्याम यादव, विरेन्द्र गुप्ता, नितेश अग्रवाल, यतिंद्र खत्री, सोहन डड़सेना, आलोक शिवहरे, कलेक्टर कुंदन कुमार, एसपी भोजराम पटेल, एसडीएम अजित पुजारी, डीएफओ अभिनव कुमार, सहित अन्य सामिल रहे। कार्यक्रम में मंच संचालन दिनेश साहू एवं स्वागत भाषण गुरमीत सलूजा ने किया।

### 1 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने जन्मदिवस पर क्षेत्र को 1 करोड़ की सौगात दी। श्री साव ने अहाता निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत परिसर में ग्राम पंचायत कठौतिया में 10 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत लाखासार 5 लाख, दुर्गा मंच निर्माण कार्य, ग्राम भारतपुर 5 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, महामाया मंदिर के पास, ग्राम पंचायत चेचानडीह 7 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य, प्राथमिक शाला से मंडल तालाब तक, मोहबंधा में 7 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, ठाकुरदेव के पास, सेमरसल 10 लाख, शेड निर्माण कार्य, मानस मंच के सामने तेलियापुरान 10 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य, राजा साहू के घर से पूनाराम साहू के घर तक, ग्राम पंचायत मसना 7 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य बबलू अनंत के घर से छेदी पात्रे के घर तक पैजनिया 7 लाख, दुर्गा मंच निर्माण कार्य, सेमरापारा में ग्चायत बिचारपुर 7 लाख, पेवर ब्लॉक एवं नाली निर्माण कार्य, ग्राम पंचायत डिंडौल 7 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य, मेन रोड से प्राथमिक शाला भवन तक, ग्राम पंचायत घठोली 7 लाख, सीसी रोड निर्माण कार्य पिरिया के घर से जानी के घर तक, ग्राम कंसरा, ग्राम पंचायत कारीडोंगरी 5 लाख, सीसी सड़क निर्माण कार्य, फूलसिंह के घर से तालाब तक, ग्राम पंचायत पिपरखूंटी 5 लाख, गणेश मंच निर्माण कार्य, ग्राम भरतपुर में 3 लाख स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त कार्यों की स्वीकृति के लिए ग्राम के सरपंच एवं ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।

## स्कूली बच्चों को स्वेटर का वितरण



**तखतपुर।** प्राथमिक शाला खम्हरिया में अधिवक्ता एवं पूर्व मंडी सदस्य गिरीशमया राम कश्यप की ओर से छात्र-छात्राओं को ठंड से बचने के लिए स्वेटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्री कश्यप ने कहा कि, बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान मिलने पर छात्र-छात्राओं की प्रतिभा निखरती है। वर्तमान में ठंड पड़ रही है, ऐसे में इसके बचाव के लिए बच्चों को स्वेटर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि, बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आवश्यकता पड़ने पर सभी को सहयोग करना चाहिए।

# लोहड़िया स्कूल में बोर खनन, बच्चों को उपलब्ध होगा पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

**डिप्टी सीएम साव के जन्मदिन पर बोर खनन**




क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोहड़िया की प्राथमिक व मिडिल स्कूल में महीनों से बोर बंद पड़ा हुआ था। इस खबर का प्रकाशन हरिभूमि ने स्कूल का हैंडपंप 6 माह से खराब पेयजल के लिए तरस रहे बच्चे नामक शीर्षक से किया था। खबर में बताया गया था कि, स्कूल का बोर धंस जाने के कारण पिछले छह माह से आधे किलोमीटर दूर से पानी लाकर काम चलाया जा रहा है।

खबर प्रकाशित होने के बाद पीएचई विभाग के अधिकारियों ने तुरंत स्थिति की जायजा लिया था। डिप्टी सीएम अरुण साव का पैतृक गांव लोहड़िया के स्कूल में पानी उपलब्ध नहीं होने की खबर से अधिकारियों का कान खड़े हो गए थे। डिप्टी सीएम साव के जन्मदिवस को उचित समय मानकर स्कूल ग्राउंड में बोर खनन किया गया। सरपंच प्रतिनिधि शंभू कश्यप ने बताया कि, श्री साव के जन्म दिवस के अवसर पर प्राथमिक, मिडिल स्कूल के साथ ही आश्रित गांव रामपुर के ऑक्सीजोंन परिसर में भी बोर खनन किया गया। इससे खुश होकर ग्रामीणों ने डिप्टी सीएम साव को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर शम्भु कश्यप सरपंच प्रतिनिधि, मोहित साहू, मोहित साहू, अभिषेक साव, अनिल साव, अनुपम साव, दिलीप कश्यप, दिलहरन कश्यप, सोनू कश्यप, कपिस साहू सहित सभी पंच व ग्रामवासी मौजूद रहे।



## जय भारत स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**पथरिया।** विकासखंड पथरिया अंतर्गत कुसुम शिक्षण समिति द्वारा संचालित जय भारत पब्लिक स्कूल सिलदहा में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा 4 एवं 8 के बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण के लिए कबीरधाम जिला अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल शक्कर कारखाना पंडरिया का दौरा किया। इसके बाद छात्रों ने छत्तीसगढ़ के खजुराहो भोरमदेव पहुंचकर भगवान भोले नाथ की पूजा अर्चना कर ऊपर पहाड़ी में काली मंदिर के दर्शन किया। छात्र - छात्राओं ने उत्साहित होकर शैक्षणिक भ्रमण का आनंद लिया। इस शैक्षणिक भ्रमण में सहयोगी के रूप में समस्त पालक व संस्था के संचालक डीके सोनवानी, प्रधान पाठक एचके साहू, एम सोनवानी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा। नेमसिंह बोगी का विशेष सहयोग रहा। प्रधान पाठक एचके साहू ने कहा शैक्षणिक भ्रमण का महत्व छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना, प्रेरणा बढ़ाना, और उनके समग्र विकास में योगदान देना है।

## पीएमश्री सेजेस जेएमपी में लगा एफएलएन मेला

**तखतपुर।** पीएमश्री सेजेस जेएमपी में एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। यह बाल केंद्रित शिक्षण पद्धति है जिसमें बच्चों को पारंपरिक खेल, परिवेशीय आकर्षक चित्रों के माध्यम से पुस्तक की अवधारणाओं को छोटे-छोटे एवं सरल निर्देशों के माध्यम से स्वयं से सीखने का अवसर दिया जाता है। इस शिक्षण पद्धति में बच्चा अपने गति और स्तर से सीखता है। समझने में कठिनाई होने पर साथियों के सहयोग से सीखता है। एफएलएन मेला में बच्चे कक्षा एवं विषय वार अलग-अलग पीरियड के बंधनों से मुक्त होकर स्वतंत्र एवं भय मुक्त वातावरण में आनंद के साथ सीखे। सीखने हेतु कुल 52 स्टॉल लगाए गए थे। जिसमें गणित और हिंदी के 17- 17 , अंग्रेजी विषय के 11 तथा बालवाडी 7 स्टाल लगाए गए थे।




## जेएमपी कॉलेज में नशा मुक्त भारत अभियान सेमिनार



**तखतपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज सुख शांति भवन के तत्वाधान में जेएमपी कॉलेज में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते कराते हुए कहा कि, नशे की लत मनुष्य को शरीर के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी कमजोर कर देती है। नशे की बुरी आदत से बहुत से घर बर्बाद हो गए। घर व परिवार को बेहतर बनाने के लिए नशे का त्याग बहुत जरुरी है। बिलासपुर से आई ब्रह्माकुमारी राखी दीदी ने कहा कि नशा ही नाश का कारण है, झगडे का मूल कारण भी नशा है। नशे से व्यक्ति की निर्णय शक्ति खत्म हो जाती है, और केवल नुकसान ही होता है। कार्यक्रम का संचालन यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी की सदस्य डॉक्टर सस्मिता बरगाह एवं आभार प्रदर्शन यूथ रेड क्रॉस प्रभारी सिमरन टेक चंदानी ने किया। कार्यक्रम में डॉ मीना शर्मा, डॉ राजीव शर्मा, डॉ एसके पांडे, डॉ सीमा नाथ, डॉ डीपी चंद्रवंशी, डॉ पार्वती पटेल, स्वाति पाण्डेय, जसमीत कौर, डॉ नावेद सिद्दीकी, डॉ ज्योति गोस्वामी, डॉ रानू अग्रवाल, दुर्गा गुप्ता, अंजित नेताम, प्राची गुप्ता, हृदय कौशिक, घनश्याम जांगड़े, विमला जांगड़े, माधवी यादव, देवचरण यादव, लता बहन, कुमुदनी धीवर, चंचल बहन, डॉ संध्या सहित छात्र-छात्राएं व अन्य उपस्थित रहे।

### बेलतरा में जनजाति गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया

# सुशांत ने सामाजिक भवन के लिए 15 लाख की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेलतरा

भदरापारा (बेलतरा) में 23 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संतराम नेताम (अध्यक्ष, प्रमंडल लिमहा), मुकुन्द सिंह नेताम (अध्यक्ष, गोंड़वाना युवा समिति, बेलतरा), जनक देवांगन (जिला महामंत्री), मणिदास मानिकपुरी (अध्यक्ष, उत्तर मंडल बेलतरा), उमेश गौरहा (प्रतिनिधि, विधायक), मनोज पटेल (प्रतिनिधि, विधायक), गंगाप्रसाद साहू (महामंत्री), भरत कश्यप (महामंत्री), सुरेश कश्यप (सरपंच, ग्रापं बेलतरा), बुधेश्वर कश्यप (सरपंच, बसहा), उषा



मिलन मरावी, सुनील श्रीवास, कुशल सोनी, लक्ष्मी जायसवाल, अनीश धीवर, कृष्णा यादव (सदस्य, जिला खनिज न्यास), शीतलदास मानिकपुरी, पंच रोहित कौशिक, मनोज नेताम, सुनीता उइके, बुधराम केशर, सतीश राज, वीरेन्द्र मरावी, विनोद मरावी, संतोष उइके, शिव मरकाम, संजय नेताम, टीकाराम नेताम, मनोज मरावी, राजकुमार मरावी, गिरवर नेताम, जय मरावी, विजय मरावी, विकास नेताम, सूरज मरावी, विशंभर नेताम एवं समस्त ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित रहे। मंच संचालन धनेश्वर नेताम, धर्मेंद्र श्याम द्वारा किया गया । कार्यक्रम में विधायक सुशांत शुक्ला द्वारा सामाजिक भवन निर्माण हेतु 15 लाख रुपये की घोषणा किया गया । मुख्य अतिथि द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी प्रकाश डाला गया व अन्य जनजाति नायकों के बलिदान एवं योगदान को याद किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार सोनाखान की टीम, द्वितीय पुरस्कार रंजीता कर्मदेव लिमहा, तृतीय पुरस्कार फरहदा (अकलतरा) की टीम, चतुर्थ पुरस्कार आरती एवं साथी, भदरापारा (बेलतरा) एवं सांत्वना पुरस्कार बरभाठा, (पायल ग्रुप) एवं जेबीडी लिमहा को प्रदान किया गया।

## छात्र अश्वनी की आंख का का सफल ऑपरेशन

**मुंगेली।** शासन की महत्वाकांक्षी चिरायु योजना का जिले में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ गिरीश कुर्रे के मार्गदर्शन में योजना के तहत चिरायु टीम द्वारा जिले में स्कूलों और आंगनबाड़ियों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में चिरायु दल बी की ओर से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झझपुरीकला में कक्षा 7वीं में अध्ययनरत अश्वनी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें बच्चे में मोतियाबिंद की समस्या का पाई गई। उसके पश्चात पिता ओंकार साहू को इलाज में होने वाली प्रक्रिया के बारे में समझाया गया। उनकी सहमति के पश्चात जांच हेतु सिम्स चिकित्सालय ले जाया गया, जहां इन्हें आपरेशन की सलाह दी गई। ऑपरेशन के लिए चिन्हांकित दिवस में भर्ती किया गया और उपचार के पश्चात अश्वनी स्वस्थ होकर अपने घर वापस आ गए। अब अश्वनी के आंखों को नई रोशनी मिल गई। अश्वनी के माता–पिता ने शासन-प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और चिरायु दल का आभार व्यक्त किया। सिम्स में डॉ प्रभा सोनवानी एसोसिएट प्रोफेसर द्वारा अश्वनी का सफल आपरेशन किया गया। इस सफल ऑपरेशन में चिरायु के नोडल अधिकारी डॉ कमलेश खैरवार, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ जीएस दाऊ, विखं कार्यक्रम प्रबंधक शैलेन्द्र पांडेय, डॉ अखिलेश बंजारे एवं चिरायु टीम के डॉ ज्योत्सना बिंझवार सहित चिकित्सकों का सहयोग रहा।

